# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मुंगेली

*सप्ताह में पांच दिन वर्किंग का आदेश होने के बाद सबसे बड़ी समस्या कर्मचारियों और अधिकारियों की लेटलतीफी है। सोमवार से शुक्रवार काम और शनिवार-रविवार अवकाश। इसके एवज में कर्मचारी और अधिकारियों को सुबह दस से शाम छह बजे तक ड्यूटी देनी थी। लेकिन हुआ उल्टा।*

## लेटलतीफी की वजह...21 वीं सदी में हाजिरी का प्राचीन सिस्टम...

# छत्तीसगढ़ के 33 कलेक्टोरेट, एकाध में बायोमेट्रिक मशीन, बाकी जगह रजिस्टर

### राजधानी में ही बायोमेट्रिक सिस्टम नहीं, दस साल पहले शुरू हुआ, फिर ध्वस्त हो गया

### केवल कोरबा में मशीन चल रही, जशपुर, मुंगेली में बंद, बाकी जिलों में पुरानी व्यवस्था

- दुर्ग में बायामेट्रिक सिस्टम गायब, बेलगाम हुए कर्मचारी
- भिलाई में निष्ठा ऐप डाउनलोड नहीं कर रहे कर्मचारी
- नहीं है कई दफ्तरों में बायोमेट्रिक मशीन

रायपुर-लक्ष्मण लेखवानी, धमतरी- दीपनारायण शर्मा, दुर्ग-राहुल शर्मा, जगदलपुर- अनिल सामंत, कवर्धा- महेश मिश्रा, राजनांदगांव- हफीज खान, राजिम- श्याम किशोर शर्मा, भिलाई- देवीलाल साहू, सरगुजा-अजय नारायण पांडे, कोरबा-राकेश श्रीवास्तव, जशपुर-नवीन ओझा, मुंगेली-जयकुमार ताम्रकार, कोरिया-प्रवीन्द सिंह की विशेष रिपोर्ट

हरिभूमि लाइव

दो दिन अवकाश और बाकी दिन भी वही पुराना समय। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस पर नाराजगी जता चुके हैं। रायपुर कलेक्टर दो दिन पहले जिला शिक्षा अधिकारी दफ्तर पहुंचे तो कई गायब मिले। वजह...हाजिरी का प्राचीन सिस्टम। रजिस्टर में हाजिरी लगाने का सदियों पुराना सिस्टम अभी भी चल रहा है। टीम हरिभूमि ने पूरे प्रदेश की जांच कराई। पता चला कि जिन कलेक्टर पर सिस्टम सुधारने की जिम्मेदारी है, उन्हीं के दफ्तर में बायोमेट्रिक सिस्टम नहीं लगा है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से केवल कोरबा में बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगाई जा रही है। बाकी जगह...रजिस्टर में हस्ताक्षर कराए शेष पेज 4 पर

### 10 साल पहले किया गया था प्रयास, 15 दिन ट्रायल के बाद हटा दिया गया

छत्तीसगढ़ की राजधानी होने के बावजूद रायपुर के कलेक्टोरेट के किसी भी विभाग के कार्यालयों में अब तक बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लग नहीं पाया है। कलेक्टर गौरव सिंह और संभाग कमिश्नर महादेव कावरे द्वारा पूर्व में कई बार आदेश भी जारी कर चुके हैं। कलेक्टोरेट में करीब 10 साल पहले बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लगाने की पहल की गई थी। ट्रायल के तौर शेष पेज 4 पर

### जगदलपुर-केवल जिला पंचायत में मशीन, बाकी जगह रजिस्टर

शासकीय दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारियों के समय पर कार्यालय पहुंचने और निर्धारित समय तक ड्यूटी कर शाम 5 बजे घर वापस जाने जिला पंचायत दफ्तर में नवनियुक्त सीईओ प्रतीक जैन की पहल पर 5-6 दिन पहले ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस मशीन लगाई गई है। इस मशीन शेष पेज 4 पर


दुर्ग


जगदलपुर

### कवर्धा- बायोमेट्रिक मशीन गायब

कवर्धा जिले के सरकारी दफ्तरों में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों की समय-बेसमय उपस्थिति पर लगाम लगाने लाखों रुपए की राशि खर्च कर लगाई गई बायोमेट्रिक मशीनों का इस्तेमाल अब पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यहां तक की जिला कार्यालय कवर्धा तक में शेष पेज 4 पर

### धमतरी में पुराना सिस्टम

कोरोना संकट के समय से बंद बायोमेट्रिक अटेंडेंस का फायदा कर्मचारी जमकर उठा रहे हैं। फाइव डे वीक होने के बाद से उन्हें 10 बजे ऑफिस आना है, लेकिन अधिकांश कर्मचारी शेष पेज 4 पर

### राजनांदगांव- थंब मशीनें गायब, दीवारों पर खूंटी


राजनांदगांव

शासकीय कार्यालयों में बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी के लिए मशीन लगाई गई थी। जिसमें से लगभग सभी दफ्तरों की मशीनें गायब हैं तो वहीं जिला पंचायत में मशीन चालू है, पर सभी कर्मचारी इसका उपयोग नहीं करते हैं। वहीं नगर निगम में दीवार पर थंब मशीन का सिर्फ स्टैंड ही दिखाई दे रहा है और मशीन खराब होने के चलते यहां से हटा दी गई हैं। नगर निगम दफ्तर में कुछ जगहों पर थंब मशीनें लगी थी, जिसे खराब होने के चलते निकल जाना बताया जा रहा है। नगर निगम में अधीक्षक कार्यालय के सामने थंब मशीन की जगह पर केवल खूंटी ही रह गई है।

## कोरबा, बिलासपुर, सरगुजा, बलरामपुर और सूरजपुर का हाल

बिलासपुर संभाग में केवल कोरबा कार्यालय में बायोमेट्रिक मशीन लगी है जो चालू हालत में है। कोरबा जिला मुख्यालय में केवल कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ही बायोमैट्रिक मशीन लगी हुई है। जबकि परिसर मे जिला पंचायत सहित कई सरकारी विभाग संचालित हैं जहां मशीन नहीं लगी है। बीते सप्ताह साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे कलेक्टर ने सभी सरकारी विभाग में बायोमैट्रिक मशीन लगाने के निदेश दिए हैं।वहीं सरगुजा संभाग में केवल जयपुर जिले में मशीन लगी है लेकिन बंद है। शेष पेज 4 पर

### जशपुर, मुंगेली में शोपीस

जशपुरनगर के कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक कक्ष में बायोमैट्रिक्स मशीन कुछ साल पहले ही लगाई गई थी। पड़ताल करने पर जानकारी मिली कि वर्तमान में बायोमैट्रिक्स मशीन बंद पड़ी है। कारण पूछने पर कोई भी सक्षम अधिकारी जवाब देने तैयार नहीं है। इसी तरह मुंगेली जिले में भी मशीन तो लगाई गई है लेकिन शेष पेज 4 पर


जशपुर

### बाकी जिलों में पुरानी व्यवस्था

संभागीय मुख्यालय बिलासपुर,जांजगीर, रायगढ़, गौरेला पेंड्रा मरवाही एवं सरगुजा संभाग के बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के कार्यालयों में भी मशीन नहीं लगाई गई है। अधिकारी समय- शेष पेज 4 पर

## यह कहते हैं अफसर

### समय पर उपस्थिति के निर्देश

कार्यालयों में रजिस्टर में ही उपस्थिति दर्ज की जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने का निर्देश हैं। बीच बीच में औचक निरीक्षण भी किया जाएगा और अनुपस्थित रहने वालों पर कार्रवाई होगी।

**सुनील नायक, एडीएम सरगुजा**


कोरबा

### की जाएगी व्यवस्था

अभी कार्यालय में बायोमेट्रिक की व्यवस्था नहीं है लेकिन जल्द ही बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था की जाएगी।

**राजेंद्र कटारा,** कलेक्टर बलरामपुर

### नहीं है कोई आदेश

शासन से बायोमेट्रिक का कोई आदेश नहीं है। अधिकारी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यदि किसी जिले में व्यवस्था है तो उसके अनुसार यहां भी व्यवस्था बनाई जाएगी।

**एस जयवर्धन, सूरजपुर**

# बीजापुर हमले का बदला, जवानों ने 12 नक्सलियों को ठोक डाला

*बीजापुर में जवानों ने कुछ दिनों पहले हुई 8 साथियों की शहादत का बदला ले लिया है। तेलंगाना की सीमा पर स्थित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बीजापुर के मारूढ़बाका और पुजारी कांकेर इलाके में सुबह 9 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। यहां पर अभियान देर शाम तक जारी रहा।*

### डीआरजी बीजापुर, सुकमा व दंतेवाड़ा के अलावा कोबरा 204, 205 206, 208, 210 वी सीआरपीएफ 229 की संयुक्त टीम का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बीजापुर व तेलगांना जिले की सरहद में गुरुवार सुबह हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 12 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है। मौके से अत्याधुनिक हथियारों के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले में जवान नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को नक्सल आपरेशन के लिए रवाना किया गया था।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि जंगल में आज कई बार सुरक्षा बलों और नक्सलियों शेष पेज 4 पर


फाइल फोटो



### नक्सलवाद के अंधकार को मिटाने सरकार दृढ़ संकल्पित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस द्वारा नक्सलियों को मार गिराए जाने की जानकारी मिलने पर नक्सल विरोधी अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के अंधकार को मिटाकर प्रदेश में शांति और विकास की रोशनी फैलाने हम दृढ़ संकल्पित हैं।

### इधर, सीआरपीएफ के दो जवान आईईडी ब्लास्ट में घायल



बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र स्थित पुतकेल कैम्प से सीआरपीएफ 229 और कोबरा की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से कोबरा 206 बटालियन के 2 जवान प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से घायल हो गए। घायल जवानों को प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए चौपर से रायपुर रेफर किया गया है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर के कैम्प पुतकेल से सीआरपीएफ 229 और कोबरा की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इसी दौरान कोबरा 206 बटालियन के 2 जवान माओवादियों शेष पेज 4 पर

- प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर किया गया रेफर

केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला

# केंद्रीय कर्मियों को बड़ा तोहफा आठवें वेतन आयोग की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने गुरुवार को एक बड़े फैसले के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। इस कदम से केंद्र सरकार के लगभग 50 लाख कर्मचारियों और करीब 65 लाख पेंशनधारकों को लाभ होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि 7वें वेतन आयोग का गठन 2014 में किया गया था।



### 18 से बढ़कर 40 हजार

सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों का वेतन बढ़ाने के लिए डॉ. एक्राय्ड फॉर्मूले का इस्तेमाल किया था। आठवां वेतन आयोग 'डॉ. एक्राय्ड' फॉर्मूले से आगे बढ़कर अपनी सिफारिशें देता है तो देश में न्यूनतम वेतनमान 18,000 रुपए से बढ़कर 40000 रुपए हो सकता है।

### तीसरे प्रक्षेपण स्थल के लिए 3,985 करोड़

इधर, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसरो के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 3,985 करोड़ रुपए की लागत से तीसरा प्रक्षेपण स्थल स्थापित करने को मंजूरी दे दी।






### बेमेतरा में शेर की धमक दिखे पंजे के निशान

**साजा।** बेमेतरा शहर से करीब से 6 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम मौहाभाठा में शेर देखे जाने की खबर के बाद हड़कंप मच गया है। दोपहर करीब 1:00 बजे वन विभाग को सूचना लगते ही अमला गांव की ओर पहुंचा, जहां पूरे खेत की तलाशी ली गई। कुछ स्थानों पर पंजे के निशान भी पाए गए हैं।







SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

NURSING PROGRAMMES OFFERED
- B.SC. (Nursing) (Basic)
- B.SC. (Nursing) (Post Basic)
- M.SC. (Nursing)

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and INC
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 21st Best in Medical Category
- 09th Best in Dental Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in


अमेरिका के नए राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ से पहले समेटा कारोबार

# अदाणी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने वाली हिंडनबर्ग का शटर डाउन




एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी निवेश एवं अनुसंधान कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपना कारोबार समेट लिया है। इसके संस्थापक नैट एंडरसन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने के बाद यह कंपनी चर्चा में आ गई थी। हिंडनबर्ग की शुरुआत 2017 में की गई थी। एंडरसन (40) ने यह घोषणा डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से कुछ ही दिन पहले की है। हालांकि, उन्होंने अपने निर्णय के पीछे काम में गहन संलिप्तता को कारण बताया है, लेकिन आलोचकों ने शेष पेज 4 पर

### 'ग्रे जोन' में काम कर रहा था हिंडनबर्ग

निवेशक अजय बग्गा ने कहा कि हिंडनबर्ग एक 'ग्रे जोन' में काम कर रहा था, नकारात्मक रिपोर्ट प्रकाशित कर रहा था और ऐसी स्थिति उत्पन्न कर रहा था कि शेयरों के दाम में गिरावट पर खरीद की जाए (शॉर्ट पोजीशन) जिसमें 'हेज फंड' के माध्यम से भी निवेश करना शामिल था, जो अपनी स्थिति का खुलासा नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा, ऐसे निवेशक (शॉर्ट सेलर्स) शायद ही कभी स्थायी लाभ कमा पाते हैं। यही कारण है कि जो कुछ लोग ऐसा करते हैं, जैसे कि 2008 में हुआ, उसकी चर्चा होती है। लंबी अवधि में कुछ ही लाभ कमा पाते हैं। नियामकीय कार्रवाई हो सकती है और दंड से बचने का एक तरीका चुपचाप कारोबार समेटना हो सकता है।

### भारत में राजनीतिक तूफान

अदाणी के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने भारत में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इसपर आधारित वादियों की याचिका को खारिज कर दिया था और समय के साथ अदाणी समूह ने मजबूत परिचालन प्रदर्शन तथा शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई के साथ खोई हुई जमीन वापस पा ली।

## उलझ गई है बॉलीवुड अभिनेता पर अटैक की गुत्थी

# अनसुलझे हैं सवाल... चोरी या सैफ पर हमले की कोई और थ्योरी?

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर देर रात हुए हमले के बाद तमाम सवाल, थ्योरी और गुत्थी उलझी हुई है। कई घंटे इस हमले को बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इसके पीछे का सही मकसद सामने नहीं आ सका है। पुलिस ने सैफ अली खान पर घर के भीतर ही हमला करने वाले की पहचान कर ली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमला करने वाले को एक वीडियो में बांद्रा में सैफ अली खान के अपार्टमेंट में छठे फ्लोर पर देखा गया है। इसी अपार्टमेंट में सैफ अली खान अपने परिवार के साथ 12वें फ्लोर पर रहते हैं। पुलिस की दस टीम आरोपी की तलाश में जुट गई हैं। हमला करने वाले अज्ञात शख्स के खिलाप पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अभी अवैध तरीके से घर में घुसने और जान से मारने की कोशिश की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब तक 25 से 30 सीसीटीवी खंगाले हैं, जिसके बाद पुलिस के सूत्र दावा कर रह हैं कि आरोपी घर में हमले के कुछ घंटे पहले से ही अंदर मौजूद था।

### खास बातें

- अभी तक हमले के पीछे का सही मकसद नहीं आ सका है सामने
- बुधवार देर रात हुआ था अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर हमला



### कई सवाल बरकरार

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के डीसीपी ने अब तक जो जानकारी दी है, उसमें कई जवाब मिलते हैं तो कई सवाल भी खड़े होते हैं। जैसे कि पुलिस भले कहे कि आरोपी अपार्टमेंट की सीढ़ियों के जरिए आया। लेकिन घर में कैसे घुसा इसका जवाब अब तक नहीं मिला है, क्योंकि अब तक की जानकारी के मुताबिक घर में किसी भी तरीके जबरन घुसने का सबूत नहीं आया है। तो भले पुलिस अभी ये कहे कि मकसद केवल चोरी है, पर सवाल ये बाकी है कि क्या आरोपी घर की किसी घरेलू सहायिका या दूसरे किसी शख्स का जानने वाला है? पुलिस कहती है कि आरोपी केवल एक है, जिसकी पहचान की जा चुकी है। लेकिन इस सवाल का जवाब मिलना बाकी है कि बांद्रा जैसे इलाके में हाई प्रोफाइल अपार्टमेंट में क्या ये चोर पहले से रेकी कर चुका था, क्यों इसे किसी गार्ड ने नहीं देखा। क्या कुछ सैफ के घर में ऐसा है जो अभी राज बना हुआ है?

### चोर आखिर घर में घुसा कैसे?

मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सैफ अली खान के घर पर काम करने वाले मेड को पुलिस स्टेशन बुलाकर पूछताछ की है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि जब चोर घर में घुसा तो उसे देखकर मेड ने चिल्लाना शुरू कर दिया। इसके बाद सैफ अली खान जो उसे वक्त घर में ही मौजूद थे, वहां पर पहुंचे। दावा है कि इसके बाद चोर और सैफ अली खान की हाथापाई हुई और आरोपी ने चाकू से हमला किया, जिसमें सैफ को छह घाव हुए। वहीं मेड के हाथ में भी चोट लगी। बताया जा रहा है कि मेड से यही पूछताछ हुई है कि उसने कब चोर को देखा? और सवाल ये भी हो रहे होंगे कि चोर आखिर घर में घुसा कैसे?

## रक्षा मंत्रालय ने बीडीएल के साथ किया 2,960 करोड़ का करार



हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। देश की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद के लिए मंजूरी दे दी है। इसी के तहत गुरुवार को खरीद करार फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपए का करार किया। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमआरएसएएम प्रणाली भारतीय नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है और इसे भविष्य में अधिकांश प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## 'हमास कुछ शर्तों से पीछे हटा'

# इजरायल ने संघर्ष-विराम समझौता किया खारिज



नेतन्याहू ने समझौते पर मुहर लगाने के लिए बैठक से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास 'दोनों पक्षों के बीच बनी कुछ सहमतियों से आखिरी समय में पीछे हट गया', जिसके चलते गाजा पट्टी में लंबे समय से जारी युद्ध को खत्म करने और सैकड़ों बंधकों की रिहाई का रास्ता खोलने वाला बहुप्रतीक्षित संघर्ष-विराम समझौता लटक गया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर अधिक रियायतें हासिल करने के लिए समझौते की कुछ शर्तों से मुकरने का आरोप लगाया। नेतन्याहू सरकार संघर्ष-विराम समझौते पर मुहर लगाने के लिए तब तक बैठक नहीं करेगी, जब तक हमास अपना अड़ियल रुख नहीं छोड़ता। वहीं, हमास के एक वरिष्ठ पदाधिकारी इज्जत अल-रश्क ने कहा कि आतंकवादी समूह 'मध्यस्थों द्वारा घोषित संघर्ष-विराम समझौते के लिए प्रतिबद्ध है।

### बुधवार को ही हुई थी संघर्ष विराम की घोषणा

अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन और एक प्रमुख मध्यस्थ कतर ने बुधवार रात को इजराइल और हमास के बीच संघर्ष-विराम समझौते की घोषणा की थी, जिसकी शर्तों में हमास की ओर से इजराइली बंधकों की चरणबद्ध रिहाई, इजराइल में कैद सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की आजादी, गाजा के हजारों विस्थापितों को वापस लौटने की अनुमति देना और क्षेत्र में जरूरी मानवीय सहायता की आपूर्ति सुनिश्चित करना शामिल है। नेतन्याहू के कार्यालय ने आरोप लगाया कि हमास पूर्व में बनी एक सहमति से मुकर गया है, जो इजराइल को यह तय करने का अधिकार देती कि हत्या के जुर्म में सजायाफ्ता किन फलस्तीनी कैदियों को इजराइली बंधकों के बदले में रिहा किया जाएगा।

### संघर्ष विराम की घोषणा के बाद हुए इजराइली हमलों में 72 की मौत

*गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि युद्ध विराम समझौते की घोषणा के बाद से इजराइली हमलों में कम से कम 72 लोग मारे गए हैं। पिछले संघर्षों में, दोनों पक्षों ने अपनी ताकत दिखाने के लिए युद्ध विराम लागू होने से पहले अंतिम घंटों में सैन्य कार्रवाई तेज कर दी थी। मंत्रालय ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों के बाद के इन आंकड़ों में केवल गाजा शहर के दो अस्पतालों में लाए गए शवों की संख्या ही शामिल है, तथा वास्तविक संख्या संभवतः इससे अधिक है। मंत्रालय के पंजीकरण विभाग के प्रमुख जहीर अल-वहीदी ने कहा, 'कल खूनी दिन था और आज और भी खूनी है।'*

## अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट जोड़े, इसरो ने रचा इतिहास

### ऐसा करने वाला चौथा देश बना भारत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इसरो ने अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट के तहत सैटेलाइट को जोड़ने में सफलता हासिल कर ली है। स्पेस एजेंसी इस बारे में जानकारी दी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। इसके साथ ही ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किए गए।




### केंद्र सरकार का ऐलान

## 'पेन और पेपर मोड' में जारी रहेगा नीट-यूजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घोषणा की कि मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट-यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) को फिलहाल ऑनलाइन मोड में आयोजित न करने का फैसला किया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि इस परीक्षा का आयोजन "पेन और पेपर मोड" में जारी रहेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच इस मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद इस फैसले की घोषणा की गई कि नीट-यूजी को "पेन और पेपर मोड" में आयोजित किया जाए या फिर ऑनलाइन मोड में। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जैसा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने निर्णय लिया है, नीट-यूजी एक ही दिन और एक ही पाली में (ओएमआर आधारित) "पेन और पेपर मोड" में आयोजित की जाएगी।

### एमबीएसएस के लिए कुल 1,08,000 सीटें

एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें से लगभग 56,000 सरकारी अस्पतालों और करीब 52,000 निजी कॉलेज में हैं। दंत चिकित्सा, आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी नीट के परिणामों का इस्तेमाल किया जाता है।

### प्रयागराज महाकुंभ

## 7 करोड़ से अधिक ने लगाई श्रद्धा की डुबकी



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अब तक 7 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु गंगा नदी में पवित्र स्नान कर चुके हैं। संगम में गुरुवार को चौथे दिन अभी तक 25 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक देश-विदेश से आए करीब 6.30 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। दस देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में स्नान करने के लिए पहुंचा. इससे पहले विदेशी दल ने रात्रि में अखाड़ों के संतो के दर्शन भी किए 21 डेलिगेट्स ने संगम में डुबकी लगाई।

### सद्गुरु भी पहुंचे कुंभनगरी

संगमनगरी में आस्था का जनसैलाब उमड़ा है। जहां साधु-संत बड़ी संख्या में पहुंचे हुए हैं। वहीं अब भी कई साधु-संत महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव भी महाकुंभ में पहुंचे।



रायपुर
शुक्रवार, 17 जनवरी 2025
माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 182
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 29.5
न्यून. 16.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# हरिभूमि की खबर पर मुहर, किरण भाजपा के अध्यक्ष, भरा नामांकन, आज होगा ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का फैसला हो गया है। वर्तमान अध्यक्ष किरण देव ही अब पूर्णकालिक अध्यक्ष रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के कई मंत्रियों, विधायकों, प्रदेश के पदाधिकारियों, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार शाम को किरण देव ने नामांकन भरा। अब शुक्रवार को राष्ट्रीय संगठन से तय किए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े सबके सामने ▶▶|शेष पेज 4 पर



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कई मंत्रियों, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, विधायकों की उपस्थिति में भरा नामांकन

### नितिन नवीन आते ही सुबह को किरण देव से मिले

गुरुवार को सबसे पहले यहां पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन सुबह को दिल्ली से पहुंचे। यहां आने के बाद विमानतल से वे सीधे किरण देव के निवास पहुंचे और उनसे मुलाकात की और उनको राष्ट्रीय संगठन के फैसले के बारे में जानकारी दी गई कि उनको ही प्रदेशाध्यक्ष के लिए नामांकन भरना है।


नगरीय निकाय चुनाव में उम्मीद की 'किरण, देव' ही रहेंगे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

# डॉ.रवि उद्यानिकी विवि के नए कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कृषि विवि में बतौर प्राध्यापक हैं कार्यरत

डॉ.रवि आर.सक्सेना महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि के नए कुलपति होंगे। गुरुवार को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी गई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 14(1) में प्रदत्त ▶▶|शेष पेज 4 पर

### तीन दशकों से अध्यापन कार्य

डॉ.सक्सेना पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से अध्यापन कार्य में हैं। उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिष्ठित नॉर्मन बोरलॉग फेलोशिप (2007) से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व 2001 में अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान फिलीपींस द्वारा भी अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप प्रदान किया जा ▶▶|शेष पेज 4 पर

# सैफ पर हमला, पीठ- सिर समेत छह जगह लगा चाकू


वीडियो में दिखा संदिग्ध



■ जूनियर एनटीआर, चिरंजीवी 'हैरान', पूजा ने मुंबई में अराजकता पर सवाल उठाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के बांद्रा इलाके में बुधवार देर रात अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर एक हमलावर ने उन पर कई बार चाकू से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। इस घटना के बाद फिल्मी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सैफ (54) आपातकालीन सर्जरी के बाद 'खतरे से बाहर' हैं। यह हमला बीती रात करीब 2.30 बजे सतगुरु शरण इमारत की 12वीं मंजिल पर स्थित उनके अपार्टमेंट में हुआ।

### करीना ने कहा- परिवार के लिए मुश्किल भरा दिन

करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमारे परिवार के लिए आज का दिन काफी चैलेंजिंग रहा है और हम अब भी उस हादसे को प्रोसेस करने में लगे हैं। इस मुश्किल समय में मैं मीडिया और पैपराजी से रिक्वेस्ट करती हूं कि फालतू की अफवाह और कवरेज से दूर रहें।

### रीढ़ पर भी चोट

अस्पताल के सीओओ डॉ नीरज उत्तमानी ने कहा, उन्हें छह चोटें आईं। इनमें दो मामूली, दो मध्यम और दो गहरी चोटें हैं। एक चोट पीठ पर है, जो रीढ़ की हड्डी के करीब लगी है। डॉ. डांगे ने कहा, सैफ को चाकू से किए गए वार के कारण रीढ़ की हड्डी के बीच के हिस्से में गंभीर चोट आई है। चाकू निकालने और स्पाइनल फ्लूइड से हो रहे रिसाव को रोकने के लिए सर्जरी की गई।

### सियासी सरगर्मी

महाराष्ट्र में विपक्षी नेताओं ने कहा कि देश की वित्तीय राजधानी में फिल्मी हस्तियां भी सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि यह हमला एक गंभीर घटना है, लेकिन इसके कारण मुंबई को असुरक्षित कहना गलत होगा। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और चिरंजीवी समेत प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर दुख जताया। शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने कहा, कोई भी सुरक्षित नहीं है।

पूछताछ के दौरान झल्लाए पूर्व मंत्री, गिरफ्तारी के बाद करीबियों पर भी शिकंजा कसा जा रहा

# कवासी से देर रात तक की पूछताछ, करीबियों को नोटिस, विरोध में सुकमा आंशिक बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से बुधवार को ईडी के अफसरों ने देर रात तक पूछताछ की। पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए जाने के बाद श्री लखमा को रात नौ से दस बजे के बीच भोजन दिया गया। इसके बाद ईडी के अफसरों ने कवासी लखमा से पूछताछ शुरू की। पूछताछ के आधार पर ईडी के अफसरों ने पूर्व मंत्री के करीबी सीए, राजू जगन्नाथ साहू, सुशील ओझा और ठेकेदार रामभुवन भदौरिया को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है।

ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के अनुसार कवासी लखमा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे थे। इसके साथ ही उनके द्वारा साक्ष्य नष्ट किए जाने की आशंका ▶▶|शेष पेज 4 पर

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने कार्रवाई पर सवाल उठाए, नितिन नवीन ने कहा-मास्टर माइंड नहीं बचेगा

### नितिन नवीन ने कहा- शराब घोटाले का मास्टरमाइंड नहीं बचेगा



भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जिस प्रकार से एक आदिवासी को मोहरा बनाकर शराब घोटाला किया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी के प्रति उनकी सोच क्या है। लगता तो यही है कि अपराध एक आदिवासी पूर्व आबकारी मंत्री द्वारा किया ▶▶|शेष पेज 4 पर



**मकान बनाने इस तरह पैसों की व्यवस्था करने का दावा :** पूर्व आबकारी मंत्री का रायपुर स्थित न्यू पुरैना विधायक कालोनी में 80 लाख रुपए की लागत से मकान निर्माण कराया गया है। पैसों की आवक के बारे में कवासी लखमा ने अपने वकील फैजल रिजवी के माध्यम से कोर्ट को बताया है कि 15 लाख उसकी खुद की जमा पूंजी है। 15 लाख रुपए बेटे से लिए थे। शेष राशि बैंक से लोन लिया है।

### भूपेश ने कहा- सवाल पूछने पर कवासी की गिरफ्तारी



लखमा की गिरफ्तारी पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि 3 साल बाद उनकी गिरफ्तारी की गई है। दरअसल 16 से 20 दिसंबर, 2024 तक विधानसभा सत्र था अपनी विधानसभा से जुड़ा प्रश्न कवासी लखमा ने पूछ लिया। कवासी ने निर्माण से जुड़े भ्रष्टाचार के सवाल पूछे थे। विभागीय मंत्री ने स्वीकार किया कि आचार संहिता लगी हुई थी और बिना बजट, बिना किसी विभाग की स्वीकृति, बिना किसी टेंडर के पुल का निर्माण शुरू हो गया। टेंडर तब खुला जिस दिन विधानसभा में प्रश्न ▶▶|शेष पेज 4 पर




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #USB charger is available as an accessory. *Ex showroom price of HF Deluxe Self in Raipur.

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरूर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

VML.5794.2025HIN

चिंतन

# खराब सड़क निर्माण के प्रति जीरो टॉलरेंस जरूरी

सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त नियम और कानून जरूरी हैं। सड़क दुर्घटना के मामले में भारत विश्व में पहले स्थान पर है। भारत सरकार के कड़े कानूनों और वैश्वक स्तर के ट्रैफिक नियमों के बावजूद भारत में अधिक सड़क दुर्घटनाओं के पीछे मुख्य वजहों में खराब सड़क इंजीनियरिंग, निर्माण और रखरखाव हैं। सड़क पर दुर्घटनाओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस के नियमों में हीलाहवाली भी एक कारण हैं, लेकिन ड्राइविंग के हिसाब से त्रुटिपूर्ण इंजीनियरिंग और गुणवत्ता के हिसाब से खराब निर्माण की वजह भी प्रमुख हैं। सड़कों के रखरखाव व रिपेयरिंग की प्रक्रिया भी अहम कारणों में से एक है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ध्यान आया है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं के पीछे खराब सड़कें भी वजह हैं। यह अच्छी बात है। सड़क सुरक्षा पर घरेलू और वैश्विक रिपोर्टों में सड़कों की गुणवत्ता व त्रुटिपूर्ण इंजीनियरिंग को एक्सीडेंट्स के कारण बताए जाते रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि 'खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए। सड़क ठेकेदारों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए।' खराब सड़क निर्माण के प्रति जीरो टॉलरेंस जरूरी है। गडकरी उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, ऐसे में वे सीधे तौर पर उद्योग जगत को एड्रेस कर कड़ा संदेश दे रहे थे। भारत में सड़कों के जाल का विस्तार भी हो रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि वाहन निर्माता भी कारों में सेफ्टी उपायों का समावेश करे, लोग भी उचित ड्राइविंग प्रशिक्षण लेकर और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं और सड़क निर्माण करने वाली कंपनियां भी त्रुटिरहित सड़क बनाएं। सभी अपने स्तर पर ईमानदारी से काम करेंगे, तभी सड़क ड्राइविंग के लिए सुरक्षित हो सकेगी। दोषपूर्ण सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाने और सड़क ठेकेदारों, रियायतियों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के साथ जेल भेजने जैसे कानूनी प्रावधान होने चाहिए। कार निर्माण में ही स्पीड क्षमता को कानून 80 किमी प्रति घंटा से 100 किमी प्रति घंटा तक सीमित किए जाने की जरूरत है। हाईस्पीड कार भी सड़क दुर्घटनाओं के कारण हैं। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। चूंकि सरकार पर 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को घटाकर आधा करने का वैश्विक दबाव है, इसलिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को और अधिक मुस्तैदी से काकम करना चाहिए। बात केवल बयानों या मंशा जाहिर करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। 2023 में देश में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 1,72,000 लोगों की मौत हुई। इनमें से 66.4 प्रतिशत यानी 1,14,000 लोग 18-45 वर्ष आयु वर्ग के थे, जबकि 10,000 बच्चे थे। 55,000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण और 30,000 लोगों की मौत सीट बेल्ट न लगाने के कारण हुई। भारत वर्ष 2015 में सड़क सुरक्षा पर ब्राज़ीलिया घोषणा पर हस्ताक्षरकर्ता है, इसमें एक्सीडेंट्स को 2030 तक आधा करने का लक्ष्य है। भारत में स्थिति लक्ष्य के विपरीत है। यह सड़क सुरक्षा के लिए पहल करने का दशक है। भारतीय सड़क सुरक्षा कानूनों का दंड पर अधिक फोकस है, जबकि सुरक्षा मानदंडों के पालनों पर अधिक ध्यान होना चाहिए। वाहन कंपनियों और सड़क निर्माण कंपनियों को भी कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।

# हमेशा आरक्षण के विरुद्ध रहा है नेहरू-गांधी परिवार



विचार
नारायण चंदेल

कांग्रेस ने संविधान को अपनाने के बाद 90 मौकों पर निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया, जिससे संविधान का मजाक उड़ाया गया। इतना ही नहीं, देश पर आपातकाल थोपकर संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों पर डाका डाला गया, देश को जेल बना डाला और लाखों निरपराध राजनीतिक, स्वयंसेवी और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में ठूंसकर उन्हें अमानवीय यंत्रणा दी गई। संविधान की रक्षा के नाम पर आज जो कांग्रेस पाखण्ड प्रदर्शित कर रही है।

इन दिनों भारतीय संविधान, संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर और संविधान में वर्णित आरक्षण की व्यवस्था को लेकर दो तरह की, सकारात्मक और नकारात्मक राजनीति चल रही है। एक तरफ संविधान, डॉ. अम्बेडकर और आरक्षण को लेकर भाजपा संदेदनशीलता का परिचय देकर सकारात्मक राजनीति कर रही है, वहीं इन मुद्दों को लेकर नित-नए झूठ गढ़कर कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन देश में भ्रम फैलाने की नकारात्मक राजनीति कर रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी पूरे देशभर में 11 से 26 जनवरी तक भारतीय संविधान के 75वें वर्ष की गौरवशाली यात्रा के मौके पर जन-जन तक कांग्रेस व विपक्षी दलों की अराजकतावादी सोच से उपजी नकारात्मक राजनीति के सच को पहुँचाने का एक बड़ा कार्यक्रम 'संविधान गौरव अभियान' चला रही है।

जिस भारतीय संविधान की किताब लहराते कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल संविधान की दुहाई देते प्रलाप कर रहे हैं, उनके राजनीतिक चरित्र की सच्चाई से देश को अवगत कराया जाना आज बेहद जरूरी है। देश 1947 में आजाद हुआ। 57 वर्ष केंद्र में कांग्रेस सरकार के रहते हुए संविधान दिवस नहीं मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 से शासकीय स्तर पर संविधान दिवस मनाना प्रारंभ किया। उसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2015 में संसद के दोनों सदनों में संविधान पर चर्चा कराने का निर्णय किया, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया। 2010 में, जब संविधान के 60 वर्ष पूरे हुए, तो गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान, तत्कालीन मुख्यमंत्री के तौर पर श्री मोदी ने संविधान गौरव यात्रा आयोजित की। इस यात्रा में संविधान की प्रति को हाथी के मस्तक पर रखकर पूरे शहर में निकालकर सम्मानित किया गया।

कांग्रेस ने संविधान को अपनाने के बाद 90 मौकों पर निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया, जिससे संविधान का मजाक उड़ाया गया। इतना ही नहीं, देश पर आपातकाल थोपकर संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों पर डाका डाला गया, देश को जेल बना डाला और लाखों निरपराध राजनीतिक, स्वयंसेवी और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में ढूंसकर उन्हें अमानवीय यंत्रणा दी गई। संविधान की रक्षा के नाम पर आज जो कांग्रेस पाखण्ड प्रदर्शित कर रही है, उसी कांग्रेस ने आपातकाल में न केवल संविधान में मनमाने संशोधन किए, अपितु संसद में विपक्ष की गैर मौजूदगी में संविधान की प्रस्तावना तक को बदल देने का पाप करने में हिचक महसूस नहीं की थी। डॉ. अंबेडकर और संविधान सभा ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण को मान्यता नहीं दी थी, फिर भी ओबीसी कोटा से आंध्र प्रदेश में 4%, केरल में 8% और तमिलनाडु में 3.5% आरक्षण मुस्लिम समुदाय को देकर संविधान का उल्लंघन किया।

जिस आरक्षण को खत्म कर दिए जाने का प्रलाप कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में किया था, उसी कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि 'केंद्र की सत्ता में पूर्ण बहुमत




में आने पर हम आरक्षण हटा देंगे।' यह वही राग है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से अलापता आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। यह एक सच्चाई है कि नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। पं. नेहरू ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक व राजनैतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र तक किया और 1952 में लोकसभा चुनाव और 1954 में लोकसभा उपचुनाव में डॉ अंबेडकर को हराने का पाप किया। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। उनके बाद कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 3 मार्च, 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

**अल्पसंख्यक संस्थान और आरक्षण :** जामिया मिलिया (2011) और एएमयू (1981) जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ों को आरक्षण देने से इनकार कर दिया गया। 93वें संवैधानिक संशोधन (2005) के तहत अल्पसंख्यक संस्थानों को आरक्षण प्रदान करने से छूट दी गई। इस एक कदम से सैकड़ों संस्थानों से पिछड़े समुदायों के अधिकार छीन लिए गए।राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में आरक्षण का पुरजोर विरोध किया और मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की, जो बाबासाहेब के मूल संविधान के खिलाफ था।

**भारतीय संविधान के प्रति भाजपा का संवेदनशील दृष्टिकोण :** धारा 370 और 35 अ को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय व सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। कांग्रेस के शासनकाल में 1966 से 1977 तक, संविधान में 25 बार संशोधन हुए। 42वें संशोधन में 41 अनुच्छेदों में संशोधन करके और 11 नए अनुच्छेद जोड़े गए। 2014 के बाद मोदी जी के कार्यकाल में संविधान में केवल आठ बार संशोधन हुआ था। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इनमें कुछ महत्वपूर्ण संशोधन निम्नानुसार हैं :

- 2017 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया गया।
- 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण की शुरुआत।
- 2019 में वित्त आयोग और संविधान की छठी अनुसूची से संबंधित प्रावधानों में संशोधन।
- 2019 में लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) आरक्षण का 10 वर्षों के लिए विस्तार किया गया।
- 2021 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी ओबीसी सूची में परिवर्तन करने का अधिकार प्रदान किया गया।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

हिंडनबर्ग रिसर्च
राधा रमण



# भेड़िया आया और...चला गया

भेड़िया आया ... शिकार किया ... और चला गया। अमेरिकी नागरिक नाथन एंडरसन पर यह उक्ति सटीक बैठती है। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने बुधवार को अचानक अपनी दुकान बंद कर दी है। 2017 में नाथन एंडरसन नामक अमेरिकी नागरिक द्वारा स्थापित इस संस्था ने महज आठ साल के अंदर न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के कई देशों के शेयर बाजार में भयानक उथल-पुथल मचाई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च के काम करने का तरीका बिलकुल अलग था। यह रिपोर्ट तैयार करने के बाद अपनी वेबसाइट के माध्यम से दुनियाभर में जारी करती थी। रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितता का जिक्र होता था। चूंकि हर व्यापारिक समूह मुनाफे के लिए ही कारोबार करता है। इसलिए तत्काल किसी को शक भी नहीं होता है। लोग उस रिपोर्ट को सच मान लेते हैं। उस देश की विपक्षी पार्टियां हवा देने लगती हैं। सरकार किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाती है। जिस किसी व्यापारिक समूह के खिलाफ यह रिपोर्ट होती थी, जब तक वह संभलता तब तक उसके शेयर बाजार में भूचाल आ चुका होता था। उसके हजारों-लाखों करोड़ रुपये अथवा डॉलर डूब चुके होते थे। इसने अपनी रिपोर्ट से देश के अग्रणी उद्योग समूह अडाणी को भी लाखों करोड़ रुपये की चपत लगा दी थी। इसके अलावा निकोला समूह, क्लोवर हेल्थ, कंडी और लार्डस्टाउन मोटर्स आदि कई प्रमुख कंपनियां हैं जिन्होंने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट जारी होने से अपनी जमा पूंजी गंवाई है। खास बात यह कि अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने और पदभार ग्रहण करने के पहले नाथन एंडरसन ने अपनी दुकान बंद कर दी। हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ अमेरिकी अदालतों में कई मुकदमे चल रहे हैं। अमेरिका का डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस जांच कर रहा है। हालांकि रिपोर्ट जारी करने के पहले हिंडनबर्ग रिसर्च दावा करता था कि 'वह धोखाधड़ी उजागर करके निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए ऐसा कर रहा है।' इससे किसी को इस पर शक भी नहीं होता था। लेकिन आरोप है कि रिपोर्ट जारी करके नाथन एंडरसन करोड़ों रुपये (डॉलर) कमाते थे। जब उन्हें लगा कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप उनके खिलाफ एक्शन ले सकते हैं तो कारोबार समेटकर एंडरसन संत बनने का दिखावा कर रहे हैं। एंडरसन कहते हैं कि 'कंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच-समझ कर लिया है। हमने उन एम्पायर्स को हिला दिया जिन्हें हिलाने की जरूरत थी।'

एक बार अपनी गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से उसने कहा था कि 'दुनिया में जब तक लालची रहेंगे, ठग भूखा नहीं रहेगा।' लालच चाहे सत्ता का हो अथवा सामान का, दोनों हितकारक नहीं कहे जा सकते। एंडरसन ने तो दूसरों पर दोषारोपण करके अपना घर भर लिया। लेकिन नाथन एंडरसन के आरोपों को सही मानकर और उलझकर हमने यह क्या कर लिया? क्या हमारे नेता अमेरिकी अरबपति जार्ज सोरोस को लेकर भी वही गलती तो नहीं कर रहे हैं? आलोचकों का दावा है कि सोरोस की ओपन सोसायटी फाउंडेशन ने कई देशों में राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। दावा तो यह भी है कि अब उसके निशाने पर भारत है। भारत के एक सियासी परिवार से सोरोस की नजदीकियां जगजाहिर हैं। दोनों के कई फोटोग्राफ भी पब्लिक डोमेन में आ चुके हैं। मुझे पूछने दीजिए कि जिस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक सरकार और गौतम अडाणी के खिलाफ हो-हल्ला मचाया था, अब क्या कहेंगे? क्या हिंडनबर्ग की जिस रिपोर्ट से गौतम अडाणी के 7 लाख करोड़ से अधिक की पूंजी डूब गई, उसे कांगेस पार्टी अब वापस दिलाने की पहल करेगी? क्या सरकार की छवि पर अडाणी को लेकर जो दाग लगा है, उसकी भरपाई हो सकेगी? यकीन मानिए, मैं सरकार अथवा गौतम अडाणी की बेगुनाही का कोई दस्तावेज नहीं दिखा रहा हूं, न ही मैं दोनों में से किसी का प्रतिनिधि हूं।

दरअसल, अमेरिकी निवेश एवं अनुसंधान कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपना कारोबार समेट लिया है। इसके संस्थापक नैट एंडरसन ने बृहस्पतिवार को यह ऐलान किया है। उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने के बाद यह कंपनी चर्चा में आ गई थी। हिंडनबर्ग की शुरुआत 2017 में की गई थी। एंडरसन (40) ने यह घोषणा डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से कुछ ही दिन पहले की है। हालांकि, उन्होंने अपने निर्णय के पीछे काम में गहन संलिप्तता को कारण बताया है, लेकिन आलोचकों ने जॉर्ज सोरोस के साथ हिंडनबर्ग के कथित संबंधों और आगामी ट्रंप प्रशासन के भारी दबाव को इसकी मुख्य वजह करार दिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ।

# भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शिव शंकर सोनकर, पिता-श्री गजानंद सोनकर, निवासी- दंतेश्वरी माता मंदिर के आगे, न्यू कर्मचारी कालोनी, कुशालपुर, रायपुर, तह व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम खुहमुड़ा, प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. अमलेश्वर, तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. जिसका खसरा नंबर 200/2, रकबा 0.0443 हेक्टेयर अर्थात 4800 वर्गफूट को विक्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि विक्रेता श्री सोमनाथ सोनकर, पिता-श्री धनेश्वर प्रसाद सोनकर, निवासी-ग्राम खुडमुडा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आम मुख्तायार श्री भूपेन्द्र सोनकर, पिता श्री बिसेश्वर सोनकर, निवासी-ग्राम खुडमुडा, तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. से क्रय करने का पक्का सौदा तय कर एक बड़ी अग्रिम बयाना राशि अदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है। मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

यह कि, उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्था, बोर्ड, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर अपनी उक्त उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावे तथा उक्त 10 दिवस की म्याद बीत जाने के पश्चात उपरोक्त भूमि का बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा सम्पादन करा ली जावेगी। उपरोक्त वर्णित 10 दिवस की म्याद अवधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की कोई उजर, दावा या आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक- 16/01/25

**भवदीय**
**सी.पी. निर्मलकर (अधिवक्ता)**
**आदर्श नगर, मठपारा दुर्गा चौक, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 99261 59079**

---

## // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं स्मिता रामा कुमार पति स्मित कुमार जाति ईसाई निवासी-हाउस नं. 76 क धमतरी क्रिश्चन हास्पिटल कैम्पस धमतरी तहसील धमतरी जिला धमतरी छ.ग. की निवासी हूँ। मेरा नाम स्मिता रामा कुमार है मेरे पुत्र शमित कुमार के दसवीं CBSE के अंकसूची एवं CBSE माईग्रेसन प्रमाण पत्र में मेरा नाम स्मिता कुमार अंकित हो गया है। आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के अनुसार मेरा वास्तविक नाम स्मिता रामा कुमार के नाम से जानी और पहचानी जाती हूँ।

यह कि मेरे पुत्र शमित कुमार का जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों पर माता का नाम स्मिता रामा कुमार अंकित है परन्तु केवल दो शैक्षणिक प्रमाण पत्र दसवीं CBSE के अंकसूची एवं CBSE माईग्रेसन दस्तावेज पर मेरा नाम स्मिता रामा कुमार के स्थान पर स्मिता कुमार अंकित हो गया है जिसे सुधार किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। जिसकी आम सूचना के तहत् सर्व साधारण को की जा रही है।

दिनांक-15/01/2025

**भवदीय**
**स्मिता रामा कुमार पति स्मित कुमार**
**नि. हाउस नं. 76 क धमतरी**
**क्रिश्चन हास्पिटल कैम्पस**
**तहसील व जिला धमतरी छ.ग.**

---

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

**क्र.संख्या(1) निविदा सूचना क्रमांक: सीईसी/बीएसपी/24-25/16, दिनांक: 04.01.2025. (ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)**

**कार्य का नाम:** "बी.एस.पी.–जे.एस.जी. के बीच चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में जे.डी.आई.– एस.जी.आर.डी. अनुभाग के बीच बचे हुए कार्य, साइड ड्रेन, रिटेनिंग वॉल, टो वॉल, गुड्स शेड प्लेटफार्म का विस्तार, भवन निर्माण कार्य, निर्माण कार्य और अन्य संबन्धित विभिन्न कार्य के क्रियान्वयन हेतु।" **निविदा मूल्य: ₹ 29,29,39,873.12. अमानत राशि: ₹ 16,14,700.00. निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य। **कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 12 (बारह) माह, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय: 28.01.2025 को 15:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि व समय: 28.01.2025 को 15:30 बजे।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर पिन– 495004 अथवा उप मुख्य अभियंता /निर्माण/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर पिन– 495004 अथवा उप मुख्य अभियंता /निर्माण/I/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर पिन– 492009,मुख्य परियोजना प्रबंधक/ पश्चिम/ निर्माण/निर्माण/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर पिन– 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

*कृते उप मुख्य अभियंता/निर्माण/*
*सीपीआर/10/433 बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

---

## कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 175 /स्था./ प्र.अ./लोस्वायांवि/2025 अटल नगर, दिनांक 15.01.2025

### संक्षिप्त विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 2-1 / 2024/34-1 दिनांक 26.09.2024 से वित्त विभाग का जावक क्रमांक 1210/ सी. एन. बजट - 2 / वित्त / चार / 2024, दिनांक 20.09.2024 द्वारा राज्य स्तरीय तृतीय श्रेणी उप अभियंता (सिविल) के 118 पद एवं उप अभियंता (वि / यां) के 10 पद को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु अनुमति प्राप्त है। उक्त पदों को सीधी भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर के वेबसाईट पर आमंत्रित किये जाते है, परीक्षा संबंधित जानकारी छत्तीसगढ़ व्यापम की Website पर उपलब्ध रहेगी।

| पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | रिक्त पदों की संख्या | विहित शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| उप अभियंता (सिविल) | लेवल-8, वेतन 35400-112400 | तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) | 118 | राज्य शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल इंजिनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। |
| उप अभियंता (वि./यां.) | लेवल-8, वेतन 35400-112400 | तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) | 10 | राज्य शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मेकेनिकल/ इलेक्ट्रीकल इंजिनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा। |

**टीप:-** 1 पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की वेबसाइट www.cgphed.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त नियुक्तियाँ एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 13-1/2023 / आ.प्र / 1-3 दिनांक 03.05.2023 में दिये गये निर्देशानुसार माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668 / 2022 अंतिम आदेश के अध्याधीन रहेगी।
3. परीक्षा के नियम एवं शर्तें पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**छत्तीसगढ़ नवा रायपुर**

G- 242505394/3

---

## इंडियनऑयल

IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग

### आईओसीएल (विपणन प्रभाग), पश्चिमी क्षेत्र में प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के तहत ट्रेड/तकनीशियन/स्नातक प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिए अधिसूचना

भारत की सबसे बड़े वाणिज्यिक संस्था और फॉर्च्यून ''ग्लोबल 500'' कंपनी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राष्ट्र के लिए कौशल निर्माण पहल के उपाय के रूप में, अपने यहां तकनीशियन, स्नातक और ट्रेड अपरेंटिस (तकनीकी और गैर–तकनीकी) को महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव, केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली जैसे भारतीय राज्यों पर नियुक्त करने का प्रस्ताव करती है।

आयु, योग्यता, छूट, रियायतें, आरक्षण आदि के पात्रता मानदंड सहित विज्ञापन का पूरा पाठ हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.iocl.com/apprenticeships** पर दिया गया है।

**आवेदन कैसे करें:** पात्रता के निर्धारित मानदंडों को पूरा करनेवाले इच्छुक उम्मीदवार **17.01.2025 को 10:00 बजे** से संबंधित राज्य के तहत उल्लिखित पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख **07.02.2025 को 17:00 बजे तक** है।

मामले में कोई भी आगामी अधिसूचना/संशोधन केवल हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट **https://www.iocl.com/apprenticeships** पर अधिसूचित किया जाएगा।

**नोट: निगम पर प्रशिक्षुओं को नियमित रोजगार देने का कोई दायित्व नहीं होगा। प्रशिक्षुओं को किसी भी समय इस प्रशिक्षुता के आधार पर निगम से नियमित रोजगार का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। इस अप्रेंटिसशिप से प्रशिक्षु को नौकरी प्रदान की आईओसीएल पर कोई ज़िम्मेदारी बाध्यकारी नहीं होगी।**

**विज्ञापन संख्या. IOCL/MKTG/WR/APPR/2024-25**

---

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर, जिला- जशपुर (छ.ग.)

Phone No. 07763-223344 cmonpjashpur@gmail.com

क्रमांक / 51 / लो नि./ न.पा.प. / 2024-25 **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना** जशपुरनगर, दिनांक 15/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम क्षेणी में पंजीकत ठेकेदारों से PWD Road and Building SOR 01.01.2015 से प्रभावशील लागत, अधिक या कम प्रतिशत दर पर निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http:/eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है एवं डाउनलोड किया जा सकती है।

| S. No | System Tender No. | Description | Total Probable Amount of Contract (In Lakh) | Last date & time of tender Download |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 164345 | Construction of CC Road from Usha Gupta House to Mister Bhagat House, Judawan House to Bablu Mishra House, Near Satish Jaisawal House At ward No. 14 | 23.30 | 06.02.2025 17:30 IST |
| 2 | 164348 | Construction of 2 No. 'G' Type Quarter for Chief Municipal Officer and Assistant Engineer Municipal Council Jashpurnagar | 31.58 | 06.02.2025 17:30 IST |
| 3 | 164351 | Construction of 2 No. 'H' Type Quarter for Sub Engineer Municipal Council Jashpurnagar | 21.21 | 06.02.2025 17:30 IST |
| 4 | 164354 | Construction of BT Road From Bajrang Hotel to Ajay Hotel Bartoli At Ward No. 16 | 31.20 | 06.02.2025 17:30 IST |
| 5 | 164363 | Construction of BT Road From Ganesh Mandap to Ajay Hotel Bartoli At Ward No. 16. | 49.60 | 06.02.2025 17:30 IST |
| 6 | 164364 | Construction of Paver Block (Pathway) from Bhagalpur Chowk to Hanuman Mandir Banki Toli At. Ward No.-19 | 26.00 | 06.02.2025 17:30 IST |
| 7 | 164366 | Construction of Paver Block (Pathway) from Rasik Shop to Bajrang Kirana Shop At. Ward No.-16 and 18 | 23.90 | 06.02.2025 17:30 IST |

टीप:- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।
नोट :- निकाय के समस्त करों का समय पर भुगतान करें, नगर को साफ, सुन्दर और स्वच्छ रखें। (स्वच्छ सर्वेक्षण 2024)

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर**

---

## Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh Directorate of Geology & Mining Indravati Bhavan, Block-4, Second Floor, Nawa Raipur Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh - 492002, India

15 January 2025

### Notice Inviting Tender

**Invitation of bids for grant of Composite Licence of iron ore blocks**

In exercise of the powers conferred by Section 10B of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 and in accordance with the Mineral (Auction) Rules, 2015 (as amended from time to time) notified thereunder, Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh has identified following Iron Ore Blocks for electronic auction and hereby invites bids for the purpose of grant of Composite Licence (CL):

| Sl No. | Name of the Block | District | Area (Ha) | Resource (Million Tons) | Average Grade | Tender Price (INR)* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Bailadila Deposit 01A Iron Ore Block | Dantewara | 850 | 55.27 | 62.81% Fe | 05 Lacs |
| 2. | Bailadila Deposit 01B Iron Ore Block | Dantewara | 850 | 103.25 | 62.81% Fe | 05 Lacs |
| 3. | Bailadila Deposit 01C Iron Ore Block | Dantewara. | 825 | 129.93 | 62.81% Fe | 05 Lacs |
| 4. | Hahaladdi-North Extension Iron Ore Block | Uttar Bastar Kanker | 201.614 | 2.54 | 56% Fe | 2.5 Lacs |

***Excluding GST**

Accordingly, Financial bids are invited in digital format only and Technical bids are invited both in digital and physical format from Eligible bidders.

Terms and conditions, deadlines etc. for participating in the electronic auction are provided in the Tender Document. The Model Tender Document for the mineral blocks and mineral block summary are available free of cost in electronic form and can be downloaded from the website of MSTC Ltd. (http://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcl/index.jsp) and websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh (www.chhattisgarhmines.gov.in) for the purpose of information only.

Those interested and eligible for bidding can participate in the bidding only after online purchase of the Tender Document on payment of the non-refundable tender fee as mentioned above (Applicable Goods and Service Tax (GST) shall be payable on Reverse Charge Mechanism), from the website of e-auction platform provider MSTC Ltd. Bidder shall be able to make payment of the Tender Document fee through RTGS/ net banking (through the payment gateway of e-auction platform). After registration at MSTC website, interested & eligible bidders can purchase the Tender Document. On successful registration, eligible bidders will obtain Login ID and password necessary for participation in the e- auction process.

Last date for online purchase of Tender Document is Thursday, 27 February 2025, and last date for submission of the bid is 15:00 Hours IST on Friday, 28 February 2025. Any further communications, amendments etc. shall be available on the above website of MSTC and the websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh.

**Director**
**Geology & Mining, Chhattisgarh**

G-242505384/2

---

## Home First Finance Company India Limited

homefirst — We'll take you home

CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट IV-A नियम 8 (6) के प्रावधान के अनुसार,**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस**

सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के तहत ई-नीलामी बिक्री अधिसूचना

एतद द्वारा यह नोटिस सार्वजनिक रूप से और विशेष रूप से उधारकर्ता (गण) और सह-उधारकर्ता (गण) को दिया जा रहा है कि नीचे दी गई अचल संपत्तियां,(कॉलम तीन में वर्णित) जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में गिरवी रखी गई चार्ज की गई हैं, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने प्राप्त कर लिया है। इस अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, बकाया राशि केअतिरिक्त उस पर रोपित ब्याज के साथ की वसूली हेतु, जो कि निरंतर अनेकों प्रयास व मांग पत्र के बावजूद उधारकर्ता (गण) और सह-उधारकर्ता (गण) देनें मे असमर्थ रहे है कि वसूली हेतु नीचे वर्णित कंपनी के प्राधिकारी द्वारा "जैसी है" और "जो है" की शर्तो पर नीच वर्णित सम्पत्तियों की नीलामी की जा रही है। इन संपत्तियों की नीलामी ऑनलाइन उधारकर्ता (गण) और सह-उधारकर्ता (गण) पर वर्णित नीचे कॉलम (i) के अनुसार पूर्ण रकम मय ब्याज के जो कि होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय है कि संपूर्ण वसूली के अनुरूप की जावेगी।

| क्रमांक | उधारकर्ता (गण) और सह. उधारकर्ता (गण) का नाम | संपति का विवरण | माँग नोटिस की तारीख | माँग नोटिस की राशि | कब्जे की तारीख | बाजार मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एव समय | प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | अधिकृत अधिकरी का नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास कुमार बंसोड़, शारदा बंसोड़ | फ्लैट नं. 301, तीसरी मंजिल, ब्लॉक.F, अवनिाश अशियाना फेज-1, प्लॉट खसरा नं. 4/2(4/3,6/1), 4/5 (4/11,6/3), 4/6(4/7 & - 6/4), पी.एच. नं. 107/37, कोटा, कबीर नगर, बैरन बाजार, रिंग रोड नं. 2, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001। | 03-Jan-24 | 1,049,489 | 07-Jan-25 | 1,388,750 | 138,875 | 17-02-2025 (11am-2pm) | 15-02-2025 (upto 5pm) | 9822890334 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाईट/विस्तृत विवरण अन्य नियम व शर्ते हेतु | खाता क्रमांक : ईएमडी एवं अन्य रकम जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम: ई.प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नं. 079-35022160 / 149 / 182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आई डी ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net | http://www.homefirstindia.com http://www.homefirst.auctiontiger.net | बैंक खाता नं. 912020036268117- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सेस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी (पूर्व) | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रू10,000/-** बिक्री वेब पोर्टल (http://www.homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्ते शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति यह बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तो के अधीन होगी। **किसी भी विसंगति की स्थिति में नोटिस के अंग्रेजी संस्करण को ही प्रामाणिक माना जाएगा।**

**एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री अधिसूचना**

उधारकर्ता (गण) और सह-उधारकर्ता (गण) को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि उल्लिखित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों के साथ जमा करें, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**दिनांक: 17-01-2025 स्थान: रायपुर**

**अधिकृत अधिकारी,**
**होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित**

बच्चों, तुमने अपने घर के आस-पास या चिड़ियाघर में अलग-अलग आकार-प्रकार और रूप-रंग वाले पक्षी देखे होंगे। वैसे तो सभी पक्षियों के शरीर पर चोंच होती है। लेकिन दुनिया में कुछ पक्षी ऐसे हैं, जिनकी चोंच बहुत अनोखी होती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में बता रहे हैं, जो अपने खास किस्म की चोंच के लिए जाने जाते हैं।



# बड़ी अनोखी होती है इन पक्षियों की चोंच

पक्षी जगत

इंदिरा त्रिवेदी

बच्चों, दुनिया में असंख्य पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुछ ऐसे पक्षी भी हैं, जिनका नामकरण उनकी चोंच के आकार के आधार पर किया गया है। यह तो तुम जानते ही हो कि चोंच को अंग्रेजी में 'बीक', 'निब' या 'बिल' कहा जाता है। जानो, कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में, जिनकी चोंच उन्हें अलग पहचान देती है।

## चम्मच जैसी चोंच वाला स्पूनबिल

चम्मच (स्पून) के आकार की चोंच के कारण इसे 'स्पूनबिल' कहा जाता है। स्पूनबिल की चोंच का आकार चपटा और चम्मच की तरह होता है। यह कम गहराई वाले जल-समूहों (जलाशयों) के आस-पास रहता है। पतले और लंबे पैरों वाले इस पक्षी को नदियों का स्वच्छ पानी और प्राकृतिक पर्यावरण ज्यादा पसंद आता है, जहां उनके लिए बड़ी मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। यह मछलियां, जलीय कीड़े-मकोड़े और छोटे मेंढक आदि खाता है। मादा स्पूनबिल एक बार में 2 से 4 तक अंडे देती है। अंडों की देखभाल नर और मादा मिलकर करते हैं। करीब सात सप्ताह में शिशु स्पूनबिल उड़ने में सक्षम हो जाते हैं। स्पूनबिल रात के अंधेरे में भी अपना शिकार ढूंढ लेते हैं। यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देशों से स्पूनबिल पक्षी, भारत भी आते हैं। दुनिया भर में स्पूनबिल की कई प्रजातियां पाई जाती हैं, इनमें से रोजेट स्पूनबिल, रॉयल स्पूनबिल आदि शामिल हैं।



**रोजेट स्पूनबिल:** यह अमेरिका से लेकर मध्य अर्जेंटीना में पाया जाता है। दुनिया में स्पूनबिल की पांच प्रजातियां सफेद पंखों वाली होती हैं, लेकिन गुलाबी पंखों वाला यह स्पूनबिल केवल अमेरिका में पाया जाता है।

**रॉयल स्पूनबिल:** इसे ब्लैक-बिल्ड स्पूनबिल भी कहा जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीप समूह के ताजे और खारे पानी के आस-पास पाया जाता है। यह एक दलदली पक्षी है। यह मछली, शंख, केकड़े आदि खाता है। सफेद रंग के इस पक्षी की चोंच पर एक स्पैटुला होता है। *

## जूते जैसी चोंच वाला शूबिल

'शूबिल' नाम दिए जाने की वजह इसकी शू यानी जूते के आकार की चोंच है। यह चोंच करीब एक फीट तक लंबी और 5 इंच तक चौड़ी हो सकती है। इसके किनारे नुकीले होते हैं। साथ ही, सिरे पर एक नुकीला हुक भी होता है, जिसकी मदद से यह फिश, ईल और सांप जैसे जंतुओं का शिकार करता है। इसकी लंबाई लगभग इंसानों के बराबर होती है। शूबिल स्टॉर्क को दुनिया का सबसे भयानक पक्षी भी कहा जाता है, क्योंकि यह बड़े आकार के जंतुओं का भी शिकार कर लेता है। यह मुख्य तौर पर पूर्वी अफ्रीका के देशों इथियोपिया, दक्षिणी सूडान और जाम्बिया में पाया जाता है। इसे 'स्टुपिड बर्ड' यानी 'मूर्ख पक्षी' भी कहा जाता है, क्योंकि यह लंबे समय तक अपने शिकार के इंतजार में एक ही पोजिशन में स्थिर खड़ा रहता है। *





## खुली चोंच वाला ओपनबिल

इस पक्षी की चोंच आपस में मिली हुई न होकर, बीच से खुली हुई होती है, इसलिए इसका नाम 'ओपनबिल' पड़ा। इसे एशियाई चौंचखुला (ओपन बिल) या घोंघिल के नाम से भी जाना जाता है। यह बड़े आकार का पक्षी होता है। इसकी चोंच बीच में खुली होने से इसे घोंघा और अन्य छोटे जंतुओं को आसानी से खाने में मदद मिलती है। चोंच का यह खुलापन, शिशु ओपनबिल में नहीं होता, आयु बढ़ने के साथ-साथ इसकी चोंच खुलती जाती है।

ओपन बिल का शरीर भूरा या सफेद रंग का होता है और पंख और पूंछ काले रंग के होते हैं। यह मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। एशियाई ओपनबिल उथले दलदली, बाढ़ वाले कृषि क्षेत्रों, झीलों और आर्द्रभूमि में रहते हैं। *



## सींग जैसी चोंच वाला हॉर्नबिल

**हॉर्न बिल** की चोंच लंबी और नीचे की ओर घूमी हुई होती है और ऊपर वाली चोंच के ऊपर लंबा सींग (हॉर्न) जैसा उभार होता है। इसी वजह से इसका नाम हॉर्नबिल पड़ा। इसे 'धनेश पक्षी' भी कहा जाता है। हॉर्नबिल सर्वाहारी पक्षी है, जो फल, कीड़े और छोटे जंतु खाता है। दुनिया भर में हॉर्नबिल की करीब 62 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 9 प्रजातियां भारत के घने जंगलों और द्वीपों में पाई जाती हैं। हॉर्नबिल को ग्रेट हॉर्नबिल, ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत के अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में पाया जाता है। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चों, तुमने सुपर मार्केट या शॉपिंग मॉल में व्हील वाला शॉपिंग कार्ट जरूर यूज किया होगा। आजकल तो ये कार्ट्स छोटे-मोटे शॉपिंग स्टोर्स में भी रखे जाते हैं। क्या तुम्हें पता है, ये शॉपिंग कार्ट उपयोग में कैसे आए, जानो।

# शॉपिंग कार्ट की कहानी

बच्चों, जब तुम मम्मी-पापा के साथ किसी शॉपिंग सेंटर में जाते हो तो वहां रखी शॉपिंग कार्ट या ट्रॉली लेकर उसमें सामान रखते होगे। क्या तुम जानते हो इस शॉपिंग ट्रॉली का आविष्कार किसने किया है? इसके आविष्कार की कहानी बहुत रोचक है, जानो-

**हंप्टी-डंप्टी के ऑनर ने बनाई योजना:** बच्चों, हंप्टी-डंप्टी कोई कार्टून कैरेक्टर नहीं है। दरअसल, अमेरिका में एक ग्रॉसरी स्टोर्स की चेन का नाम था- हंप्टी-डंप्टी। उसके ऑनर सिल्वन गोल्डमैन ने नोटिस किया कि कस्टमर्स उतना ही समान खरीदते हैं, जितना वे अपने बास्केट में रख सकते हैं। बास्केट भर जाने पर वे पेमेंट करके चले जाते थे। स्टोर का ऑनर चाहता था कि लोग ज्यादा से ज्यादा समान खरीदें। इसके लिए उसने बास्केट के स्थान पर पहियों वाले शॉपिंग कार्ट रखने की योजना बनाई, जिसमें लोग ढेर सारा सामान रख सकें और स्टोर में शॉपिंग के दौरान इसे लेकर आसानी से चल सकें। साल 1937 में सिल्वन गोल्डमैन ने अपने भाई अल्फ्रेड के साथ मिलकर व्हील्स वाले शॉपिंग कार्ट का निर्माण किया।



**शॉपिंग कार्ट उपयोग करने में लोगों को होती थी झिझक:** जिस शॉपिंग कार्ट को आज लोग बेझिझक सामान रख कर चलाते हैं, शुरुआत में उस कार्ट का प्रयोग करने में लोगों को झिझक होती थी। उन्हें लगता था कि इस कार्ट में सामान रखकर चलते हुए वे अजीब दिखेंगे, इसीलिए स्टोर में शॉपिंग के दौरान कोई भी कार्ट का उपयोग नहीं करता था। *

### काम आया स्टोर ऑनर का आइडिया

स्टोर ऑनर ने कार्ट का इस्तेमाल करने में लोगों की झिझक को दूर करने के लिए एक उपाय निकाला। उसने यंग मेल और फी-मेल मॉडल्स को अपने स्टोर में नियुक्त किया। उन यंग मॉडल्स का बस इतना काम था कि वे शॉपिंग कार्ट में सामान भरकर स्टोर से आते-जाते रहें ताकि लोगों को लगे कि वे खरीदारी कर रहे हैं। इसका प्रभाव यह हुआ कि उन खूबसूरत मॉडल्स को कार्ट का इस्तेमाल करते देखकर बाकी लोग भी कार्ट का प्रयोग करने लगे। इसके बाद से धीरे-धीरे शॉपिंग कार्ट के प्रयोग का ट्रेंड बढ़ता चला गया। आज लोग शॉपिंग करते समय इसका अधिक से अधिक उपयोग करते हैं।



## जीके क्विज-137

1. इन दिनों महाकुंभ का आयोजन भारत के किस शहर में किया जा रहा है?
2. हाल में चर्चा में रहा 'यूरोपा' किस ग्रह का उपग्रह है?
3. किस शब्द को ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है?
4. वेंबनाड झील भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
6. जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?
7. रेडियो का आविष्कार किसने किया था?
8. ऑस्टियोपोरोसिस रोग से शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है?
9. देश के वर्तमान वायुसेना प्रमुख कौन हैं?
10. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?



बच्चों, जीके क्विज-137 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-136 का उत्तर :** 1.चार, 2.वी. रामसुब्रमण्यम, 3.बिहार, 4.निशानेबाजी, 5.जेनेवा, 6.क्रस्ट, 7.शुक्र, 8.एलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 9. 6 (छह), 10.एपीजे अब्दुल कलाम

**जीके क्विज-136 का सही उत्तर देने वाले :** आकाश-रायपुर, दीप्ति-बिलासपुर, काव्या-भोपाल, ललित-रोहतक, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, कबीर-हिसार, रेखा-सीतापुर, चंद्रकला-अंबिकापुर

## हंसगुल्ले

**चिंटू :** मम्मी बीस रुपए चाहिए गरीब को देने हैं।
**मम्मी :** कहां है गरीब?
**चिंटू :** बाहर कड़कड़ाती सर्दी में मूंगफली बेच रहा है।
-जतिन, रायपुर

**टीचर (सोनू से) :** बोर्ड पर तैंतीस (33) लिखो।
**सोनू :** सर, कैसे लिखते हैं?
**टीचर :** तीन लिखो, फिर उसके साइड में एक और तीन लिखो।
सोनू बोर्ड पर 3 लिखकर रुक गया।
**टीचर :** क्या हुआ, रुक क्यों गए?
**सोनू :** सर, समझ नहीं आ रहा कि दूसरा तीन इस तीन के किस साइड लिखूं।
-सुमित, बिलासपुर

**मिंटू :** विटामिन सी सबसे ज्यादा किस चीज में पाया जाता है?
**चिंटू :** हरी मिर्च में।
**मिंटू :** तुम्हें कैसे पता?
**चिंटू :** क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।
-हर्षित, रोहतक



कहानी

आशा शर्मा

नंदू, मेले में ऊंचाई वाले चकरी झूले पर बैठ तो गया, लेकिन झूला जैसे ही ऊंचाई पर पहुंच कर नीचे की ओर आता वह बुरी तरह घबरा जाता। दूसरे दिन उसके कान में सीटियां बज रही थीं। उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ा, उन्होंने कान में सीटियां बजने की क्या वजह बताई?

# मेला



गांव के बाहर वाले रामलीला मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला लगा था। मेला भी ऐसा कि बस देखते ही रह जाओ। घरेलू सामान और कपड़ों से लेकर मोटर गाड़ी तक सब था। खाने-पीने की बहुत-सी सामग्री के तो नंदू ने केवल नाम ही सुने थे। सबसे गजब जो था, वह था चकरी वाला झूला। पचास फीट ऊंचा झूला रात में देखो तो लगता है जैसे रंग-बिरंगी रोशनी गोल-गोल घूम रही हो। नंदू के लगभग सभी दोस्त इस मेले में घूम आए थे, बस उसी के पापा को समय नहीं मिल रहा था। जब तक पापा घर लौटते, रात हो जाती और फिर बाहर ठंड भी तो बहुत ज्यादा रहती थी। पापा ने रविवार के दिन दोपहर में मेला चलने का वादा किया था।

नंदू बेसब्री से रविवार का इंतजार कर रहा था। उसने अपने दोस्तों के सामने सीना चौड़ा करके कहा था, 'मैं तो उस ऊंचे वाले झूले पर बैठूंगा।'

'तुझे डर नहीं लगेगा?' उसके दोस्त रोहन ने पूछा तो नंदू उसका मजाक उड़ाते हुए बोला, 'मैं कोई बच्चा हूं क्या? बड़ा हो गया हूं। मुझे डर नहीं लगता।' नंदू ने स्टाइल से बालों में हाथ फिराते हुए जवाब दिया।

रविवार को नंदू, हर छुट्टी वाले दिन की तरह जरा देर से उठा। रजाई से बाहर मुंह निकाल कर खिड़की की तरफ देखा तो बहुत उजाला नहीं दिखा। वह फिर से रजाई में घुसने वाला था कि तभी उसकी निगाह सामने लगी घड़ी पर गई तो वह उछल पड़ा, 'अरे! बाप रे! दस बज गए। आज तो मेला जाना है।' वह तुरंत रजाई से बाहर आया। देखा तो चारों तरफ धुंध ही धुंध छाई हुई थी। आंगन में लगे पौधे तेज हवा के कारण हिल रहे थे।

'पूरे कपड़े पहन कर बाहर आना। शीतलहर चल रही है। हवा कान में घुस गई तो बीमार हो जाओगे।' मम्मी ने नंदू को बिना स्वेटर कमरे से बाहर निकलते देखा तो टोका, लेकिन नंदू को कहां उनकी बात सुनने का समय था। वह तो सीधा पापा के पास गया, उन्हें याद दिलाया, 'आज आपने मेले में जाने का वादा किया था।'

'आज नहीं नंदू, फिर किसी दिन चलेंगे। आज मौसम बहुत खराब है। इतनी सर्दी में बाहर जाने से अच्छा है कि हम घर में ही रजाई में घुसे-घुसे कुछ मजेदार खेल खेलें।' पापा ने उसे समझाया, लेकिन नंदू ने उनकी एक नहीं सुनी, मेले में जाने की जिद पकड़ कर बैठ गया। आखिर पापा को उसे मेले में ले जाना ही पड़ा।

नंदू ने ठिठुरते हुए मेला घूमा। चाट खाने के बाद उसने सबसे ऊंचे वाले चकरी झूले पर बैठने की जिद की। पापा ने फिर समझाया कि ऊंचे झूले पर हवा अधिक लगेगी और बीमार होने का खतरा बना रहेगा, इसलिए वह किसी छोटे झूले की सवारी ही करे, लेकिन उसे तो अपने दोस्तों पर रौब जमाना था, इसलिए वह अड़ गया और चकरी वाले झूले पर बैठकर ही माना।

चूंकि अधिक सर्दी के कारण मेले में लोग कम ही थे और झूले पर तो और भी कम, इसलिए नंदू को लाइन में नहीं लगना पड़ा। टिकट लेकर वह झूले पर सवार हो गया। झूले पर उसके अलावा चार-पांच लोग ही थे। झूला चलना शुरू हुआ। झूला ऊपर गया तो नंदू को बहुत मजा आया, लेकिन जैसे ही वह अपनी अधिकतम ऊंचाई से नीचे की तरफ आया, नंदू का कलेजा धक-धक करने लगा। वह भारहीन अवस्था में जो आ गया था। धीरे-धीरे झूले की गति बढ़ती गई और हर चक्कर के साथ नंदू की धुकधुकी भी। ऊपर हवा इतनी ठंडी थी कि नंदू को रोना आने लगा। किसी तरह से झूला थमा और नंदू नीचे उतरा। पापा ने महसूस किया कि नंदू चुप हो गया।

अगले दिन स्कूल जाने पर नंदू को महसूस हुआ मानो उसके कान भारी हो गए हों। सीटियां-सी बज रही थीं। उसे कम सुनाई दे रहा था। दो-चार दिन महसूस करने के बाद उसने अपने पापा को बताया तो वे उसे नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉक्टर के पास लेकर गए।

'हवाई जहाज की यात्रा की थी या ऊंचे झूले पर बैठे थे?' डॉक्टर ने पूछा तो नंदू ने चकरी वाले झूले के बारे में बताया।

'इसे ईयर बैरोट्रोमा कहते हैं, जो अकसर ऊंची जगह पर हवा के दबाव में बदलाव के कारण होता है। फिलहाल बात गंभीर नहीं है, लेकिन भविष्य में ध्यान रखना। यदि ऐसी जगह पर जाना पड़े तो कान में रूई ठूंस लेना।' डॉक्टर ने हंसते हुए बताया और नंदू के लिए दवाइयों की लिस्ट बनाने लगे।

नंदू ने मन ही मन भविष्य में इतने ऊंचे झूले पर नहीं बैठने का संकल्प ले लिया था। *

कविता

डॉ. राकेश चक्र



## कितने प्यारे रंग भर दिए

कितने प्यारे रंग भर दिए
चिड़ियों के पंखों में किसने।
नव-नूतन संसार बनाया
क्या सचमुच ही ईश्वर ने।।

बड़ी मनोहर चिड़ियां आएं
प्रतिदिन अपने बागों में।
साथ सदा मिलकर हैं रहतीं
गाएं नूतन रागों में।।
इनकी चोंच नुकीली अतिशय
मन भी देख लगा रमने।।

काला, पीला, लाल, सुनहरा
खूब सजा पंखों का रंग।
खाएं दाना बड़ी मगन हों
खेलें, उड़ें करें न तंग।।
रखना जल से भरे पात्र सब
धरा लगी लू से तपने।।

पेड़ लगेंगे, चिड़ियां चहकें
नीड़ बनेंगे विटपों के।
हरी-भरी सब धरती होगी
जल पीएं भर मटकों के।
सरल, सहज सब जीवन जीएं
सृष्टि खुद लगेगी सजने।।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.बाईं तरफ खड़े लड़के की कैप दूसरी तरफ घूमी हुई है। 2.बाईं तरफ खड़े लड़के के बैग पर बनी कार की इमेज भी अलग डायरेक्शन में घूमी हुई है। 3.बीच में खड़ी लड़की के बैग पर बनी इमेज में कैट की आंखें बंद हैं। 4.पीछे खड़े लड़के की टी-शर्ट पर रोलर स्केट्स की इमेज बनी हुई है। 5.एकदम दाईं तरफ खड़ी लड़की मुस्कुराने के बजाय हंस रही है। 6.एकदम दाईं तरफ खड़ी लड़की के पीछे टंगा बैग गायब है।

## सही वर्ड बनाओ

बच्चों, यहां प्रत्येक चित्र के बगल में कुछ लेटर्स और नीचे लेटर्स की बराबर संख्या में ही बॉक्स दिए गए हैं। तुम इन लेटर्स को सही से अरेंज करके दिए गए बॉक्स में इस तरह से भरो कि बनने वाला वर्ड चित्र में दिए गए एनिमल या ऑब्जेक्ट का नाम हो।




## एक अलग चित्र को खोजो

बच्चों, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी चित्र जोड़े में हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जो जोड़े में नहीं है। इस अकेले चित्र को ढूंढो।



# यह हम सभी के लिए वेकअप कॉल है...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सैफ अली खान के साथ उनके मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर हुए हादसे पर अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने प्रतिक्रिया देते हुए चिंता जाहिर की है। चर्चित अदाकारा का कहना है कि यह घटना सभी के लिए एक वेकअप कॉल है। करिश्मा अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी बात की। साथ ही सैफ अली खान के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। करिश्मा तन्ना, सैफ और करीना की पड़ोसी हैं। करिश्मा तन्ना रोजाना की तरह आज भी जिम गईं। इस दौरान उन्हें पैपराजी ने स्पॉट किया। अभिनेत्री से पैप्स ने सैफ के साथ घटी घटना का जिक्र किया। इस पर करिश्मा तन्ना ने कहा, 'हां, मुझे पता है। बहुत बुरा लग रहा है। यह सभी के लिए वेकअप कॉल है।



## खुशी और जुनैद की लव स्टोरी फिल्म 'लवयापा' जल्द होगी रिलीज

# ये लव स्टोरी वाली फिल्में रहीं लीक से हटकर, दर्शकों ने भी खूब सराहा

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में अधिकतर फिल्मों में प्रेम कहानियां ही होती हैं, जिनकी स्टोरी लगभग एक जैसी नजर आती है। लेकिन समय के साथ बॉलीवुड में ऐसी लव स्टोरी बेस्ड फिल्में भी बनीं, जो नए जमाने के हिसाब से रही। साथ ही इन फिल्मों की कहानियां भी काफी हटकर रहीं। जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। इस फिल्म के ट्रेलर से पता चलता है कि यह फिल्म एक न्यू एज लव स्टोरी है। इसमें जेन जी जनरेशन के एक लड़का-लड़की के बीच प्यार होता है लेकिन शादी से पहले लड़की के पापा शर्त रखते हैं कि दोनों अपना फोन अदल-बदल लेंगे। क्या इसके बाद भी इनका प्यार बना रहेगा, यही फिल्म की कहानी होने वाली है। इस तरह की लीक से हटकर लव स्टोरी पहले भी बॉलीवुड में बनी हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद भी किया।*



### जाने तू या जाने ना

रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जाने तू या जाने ना' (2008) जब रिलीज हुई थी तो दर्शकों को यह काफी अलग किस्म की लव स्टोरी लगी। इसमें लड़का-लड़की दोस्त होते हैं, वह हमेशा दोस्त रहना चाहते हैं। लेकिन जब दोनों किसी और रिलेशनशिप में जाते हैं तो उन्हें अहसास होता है कि वे एक-दूसरे से प्यार करते हैं। फिल्म में इसी कहानी को कभी कॉमेडी तो कभी सीरियस अंदाज में दिखाया। फिल्म में लीड रोल में जेनेलिया और इमरान खान नजर आए थे।

### ये जवानी है दीवानी



रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'ये जवानी है दीवानी (2013)' में भी हीरो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीना चाहता है, वह कहीं बंधकर नहीं रहना चाहता है। बनी यानी रणबीर कपूर का किरदार जिंदगी को भरपूर जीना चाहता है। हीरो की यही सोच, उसे उसके प्यार यानी नैना से दूर कर देती है। इस लव स्टोरी फिल्म को भी ऑडियंस ने पसंद किया था क्योंकि कहानी को बड़े ही अलग ढंग से कहा गया।

### जब वी मेट



करीना कपूर और शाहिद कपूर की फिल्म 'जब वी मेट (2007)' भी एक अलग तरह की लव स्टोरी रही। इसमें गीत यानी करीना कपूर का किरदार, शाहिद कपूर के किरदार आदित्य को जिंदगी से फिर से प्यार करना सीखा देती है। फिल्म रोमांटिक कॉमेडी थी, इसे इम्तियाज अली ने निर्देशित किया था।

### वेक अप सिड

रणबीर कपूर की ही एक फिल्म 'वेक अप सिड (2009)' भी थी, इसमें रणबीर का किरदार एक जिम्मेदारी ना लेने वाले लड़के का रहा। वहीं,



कोंकणा सेन शर्मा का किरदार फिल्म में एक महत्वकांक्षी राइटर का है। वह रणबीर के किरदार को जिंदगी जीना सीखाती है, फोकस रहने के लिए मोटिवेट करती है। साथ ही इनके बीच एक लव स्टोरी भी चलती है।

# सैफ से पहले इन सितारों के खून के प्यासे हुए बदमाश

**मुंबई।** सैफ अली खान पर चाकू से हमला हुआ है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सैफ अली खान से पहले ये स्टार्स भी हमले का दर्द सह चुके हैं। सलमान खान से लेकर शक्ति कपूर तक इन सितारों पर जानलेवा हमला हुआ था।

**सलमान खान :** सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। एक्टर के घर के बाहर फ़ाइरिंग हुई थी। रात के समय यह मामला घटित हुआ था, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई। सलमान खान पर कई बार हमले की कोशिश हो चुकी है।



**राकेश रोशन :** राकेश रोशन पर अंडरवर्ल्ड ने दिन-दिहाड़े गोली बरसा दी थी। दो गोलियां उनको लगी थी। इस घटना ने बॉलीवुड को हैरान कर दिया था। हालांकि बाद में राकेश रोशन ठीक हो गए थे।



**एपी ढिल्लों :** कुछ महीने पहले एपी ढिल्लों के घर के बाहर गोलीबारी हुई थी। बताया गया था कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने उनपर हमला किया है। इस हमले में सिंगर को चोट भी आई थी और लंबे समय तक उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई थी।



**सोनू निगम :** लाइव कॉन्सर्ट के दौरान सोनू निगम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। जिस वजह से उन्हें गहरी चोट भी आई थी। सोनू निगम के साथ उनके भाई भी घायल हो गए थे।



**आदित्य नारायण :** उदित नारायण के बेटे आदित्य नारायण पर लाखों लोगों से भरे कॉन्सर्ट में हमला हुआ था। एक व्यक्ति बार-बार उनके पैरों पर मार रहा था। बाद में आदित्य ने उसपर फोन फेंककर मारा था।



# 27 साल बाद फिर रिलीज होगी 'सत्या'

**मुंबई।** फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा की कल्ट गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' के री-रिलीज से पहले स्क्रीनिंग हुई। इस स्क्रीनिंग में फिल्म की पूरी स्टार ने शिरकत की। साल 1998 में पहली बार सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने अपनी कहानी और यादगार किरदारों के चलते लोगों का दिल जीत लिया। 27 साल बाद गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। फिल्म की स्क्रीनिंग में मकरंद देशपांडे, आदित्य श्रीवास्तव, राम गोपाल वर्मा, उर्मिला मातोंडकर, अनुराग कश्यप, विशाल भारद्वाज और मनोज बाजपेयी सहित अन्य ने शिरकत की। इस दौरान सभी ने फिल्म के दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज होने पर उत्साह और खुशी जताई। फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले सीआईडी फेम अभिनेता आदित्य श्रीवास्तव ने फिल्म के री-रिलीज होने पर खुशी और उत्साह जताया। अभिनेता ने कहा, 'ऐसी फिल्में कभी-कभी बनती है, 'सत्या' हमारे लिए जैकपॉट थी, आइडेंटिटी क्राइसिस खत्म हो गई थी, हम सभी स्ट्रगल कर रहे थे। सत्या' सभी के लिए एक अवसर थी।' अभिनेता ने अपने शो सीआईडी को लेकर कहा कि वह इसका दूसरा सीजन लेकर आए हैं। अभिनेता ने कहा, 'हम कुछ नया परोसने की कोशिश कर रहे हैं।





फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867


# पांच साल रिलेशनशिप में रहने के बाद की थी सैफ-करीना ने शादी



**मुंबई।** पांच साल के रिलेशनशिप के बाद सैफ अली खान-करीना कपूर (सैफीना) शादी के बंधन में बंधे थे। सालों की जान-पहचान के बावजूद इस प्यार को परवान चढ़ने में लंबा समय लगा। एक तरफ करीना जहां बॉलीवुड के सबसे प्रभावशाली कपूर परिवार में जन्मीं, वहीं सैफ रॉयल फैमिली के नवाब मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर के बेटे थे। अलग-अलग मजहब को मानने के कारण भी इन दोनों की शादी हमेशा चर्चा में बनी रही। 2007 के आसपास शाहिद कपूर से ब्रेकअप होने के बाद करीना कपूर की नजदीकियां सैफ अली खान के साथ बढ़नी शुरू हुई थीं। फिल्म 'ओमकारा' के बहुत कम सीन सैफ और करीना को एक साथ शूट करने थे। सेट पर दोनों साथ-साथ दिखते। जब करीना या सैफ के सीन भी साथ में न होते तो भी सेट पर साथ बने रहते। ओमकारा के बाद सैफ करीना की नजदीकी यशराज बैनर की फिल्म 'टशन' की शूटिंग के समय दिखी।

## शूटिंग के दौरान निकल जाते थे लॉन्ग वॉक पर

शूटिंग से वक्त निकालकर यह दोनों लॉन्ग वॉक पर जाते। इन दोनों के अफेयर के गॉसिप बनने शुरू हो चुके थे पर मीडिया के सामने दोनों ने ही इसे नहीं स्वीकारा। लैक्मे फैशन वीक के दौरान सैफ-करीना पहली बार साथ-साथ एक ही गाड़ी से आए। यहां पहली बार सैफ अली खान ने माना कि वह करीना के साथ डेट कर रहे हैं। 2010 में एक बार यह बात चर्चा में आई थी कि सैफ करीना जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। फिर अनौपचारिक खंडन भी आया।

## लव जिहाद को लेकर भी थी चर्चा

कुछ संगठनों ने इस शादी को लव जिहाद बताया था। इस पर करीना ने कहा था कि मैं लव में यकीन करती हूं, लव जिहाद पर नहीं। मुझे लगता है कि प्यार एक ऐसी चीज है, जिसे आप परिभाषित नहीं कर सकते। इसमें एक जुनून, ललक और बहुत सी चीजें होती हैं। और इसके बीच कोई महजब की दीवार नहीं होती। अब अगर एक हिंदू लड़का है और वह किसी मुस्लिम लड़की से प्यार करने लगता है, तो आप उन्हें रोक नहीं सकते। आप प्यार किसी से पूछकर नहीं करते हैं।

### सैफ का परिवार

सैफ अली खान का पूरा परिवार सिनेमा की दुनिया से जुड़ा हुआ है। सैफ की मां शर्मिला टैगोर हिन्दी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं। उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री, उनकी दूसरी पत्नी करीना कपूर खान भी सिनेमा की दुनिया का सितारा हैं। अभिनेता की बेटी सारा अली खान बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्रियों में शुमार हैं। उनकी बहन सोहा अली खान भी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। इस तरह से उनका पूरा परिवार ही सिनेमा की दुनिया का हिस्सा है।

### हिट फिल्में

सैफ अली खान ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। अभिनेता ने अपने अभिनय से लोगों को अपना दीवाना बना दिया। सैफ ने अपने 30 साल लंबे फिल्मी करियर में 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'आरजू', 'कच्चे धागे', 'सलाम नमस्ते, 'हम तुम, 'लव आज कल', 'ओमकारा', 'गो गोआ गॉन', 'कल हो न हो', 'परणीता', 'रेस', 'टशन' और 'तान्हाजी' जैसी कई फिल्मों में काम किया और दर्शकों के दिल में अपनी जगह बना ली।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.(RO-2482)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.-8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: -7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- ब्लू डायमंड सिक्यूरिटी सर्विसेस में सिक्यूरिटी गार्डो एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। ऑफिस पता:- सद्भावना चौक , सिरसा रोड, कोहका भिलाई मो.-9406445399, 8815228629 (आरो न.-659)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**लेबर**

आवश्यकता है- दो मेहनती लेबर की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करें- लक्ष्मी ऑटो इंजीनियरिंग प्रा. लिमि. नीली बिल्डिंग, होटल गुरूकृपा के पास, के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर मो. नं. 9630205205. (RO-6964)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है, इच्छुक उम्मीद्वार समस्त बायोडाटा सहित सम्पर्क करें:- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड रायपुर मो.-8109135400.(RO-744)

**हेल्पर/मिस्त्री**

आवश्यकता है- गाड़ी रिपेयरिंग वर्कशॉप में हेल्पर मिस्त्री की शीघ्र आवश्यकता है। इच्छुक भनपुरी व्यास तालाब पर कुणाल ऑटो में संपर्क करें वेतन योग्यतानुसार मो.-8349642946, 8109135400.(RO-745)

**ऑपरेटर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कंप्यूटर ऑपरेटर की जिसे आयुष्मान भारत योजना एंट्री का ज्ञान हो एवं 3 आया बाई, ड्राईवर एम्बुलेंस व घरेलू गाड़ी चलाने हेतु मिले बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-3228)

**सुपरवाइजर/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- महावीर नगर क्षेत्र में कार्य करने हेतु अकाउंटेंट, सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन (अनुभव-5 वर्ष) सुरक्षा गार्ड (अनुभव-3 वर्ष) संपर्क करें-7880008106.(RO-2492)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की शीघ्र आवश्यकता है। ( हैवी लाईसेंस) वेतन 12500/- से 13500/- संपर्क- शिवोम विद्यापीठ, सांकरा, मो.-9109126445.(RO-746)

आवश्यकता है- ड्राइवर की जो कार/ टाटा एस चला सके, ई रिक्शा ड्राइवर एवं एक महिला की जो घर में रहकर कार्य कर सके। संपर्क रायपुरा चौक रायपुर 8871117007, 7869187165. (RO-3807)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता:- 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट, सेलरी:- 7000 कमीशन+ बोनस से कमाएं 15000/- से 20000/- पता:- देवेंद नगर रायपुर मो.-89625-03349.(आरो न.-662)

**देखरेख**

आवश्यकता है- 24 घंटे घर पर रहकर दो बच्चों को देखरेख एवं पढ़ाने के लिए 12वीं पास महिला की आवश्यकता है, उम्र 22-44 साल, सैलरी 12000/-, मो.-95225-55844.(आरो न.-661)

**टीचर**

आवश्यकता है- अरिहंत एकाडमी बालोद CBSE में maths( TGT, MSC) chemistry (PGT, MSC) P.E( PGT) computer (PRD, PGDCA) Hindi एवं मदर टीचर की आवश्यकता है संपर्क -77488-48000.(आरो न.-1885)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।(RO-444)

आवश्यकता है- थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 संपर्क:- उतई दुर्ग मो.97544.09440, 99930-31454. (आरो न.-660)

आवश्यकता है- पशु आहार दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन शुभम पशु आहार मेन रोड हाई स्कूल के पास सेजबहार रायपुर मोबाइल नंबर 8120677760. (RO-7439)

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करे:- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124.(RO-398)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के का वेतन 10000/- एवं लड़कियों का 7000 वेतन संपर्क करें हरिओम प्लास्टिक, पंडरी रायपुर प्रकाश होलसेल के बाजू 9131348561, 9300203900. (RO-7438)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें-8937847856, 6395268809.(RO-36516)

**सेल्स/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- वाटर ट्रीटमेंट / स्विमिंग पूल केमिकल्स सेल्स मार्केटिंग करने हेतु सेल्स ऐक्ज़ीव्यूटिव। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करे: 9575711110. (RO-7437)

**अकाउटेंट/सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक कपडे में केवल पुरूष कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु व फुल टाइम अकाउन्टेंट, अनुभवी सेल्समैन एंव साडी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता हैं संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9977252503. (RO-7251)

**पैकिंग/हेल्पर**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423 (RO-36705)

**अन्य**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-9899306231.(RO-638)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:-7044713881, 7044684039. (RO-754)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3026)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 7450945537. (RO-818)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 8240426971, 9163849676. (RO-755)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.-9826196515, 9826896515.(आरो.-7155)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Property प्रापर्टी**

**बेचना/किराया**

बेचना है
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.
किराये से देना है
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।
VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता
संपर्क करें-
8120008290
Dev Ad.

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**जमीन**

बेचना है- जमीन, अर्जुंदा गुरेदा डामर रोड पर,1.32 एकड़ (पंप 2 H.P), पेट्रोल पंप, राइस मिल, पोल्ट्री एवं फार्म हाउस हेतु। 80 फीट फ्रंट रोड पर। संपर्क -97524-08700.(आरो न.-663)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

खबर संक्षेप

## सिएट का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 46.48% घटा




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 46.48 प्रतिशत घटकर 97.03 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका मुनाफा कच्चे माल की ऊंची लागत के कारण प्रभावित हुआ। कंपनी का शुद्ध लाभ 181.28 करोड़ रुपये रहा था।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का आज शुभारंभ, किआ की कार में मिलेगी मसाज सीट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वाहनों की वैश्विक प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर के साथ नई गाड़ियों, कलपुर्जों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 100 से अधिक नई पेशकश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों को देखने मिलेगा।

किआ इंडिया अपनी न्यू कार्निवल पर बेस्ड कार्निवल हाई लिमोसिन भारत मोबिलिटी ग्लोबल ऑटो एक्सपो 2025 में पेश करने वाली है। कार्निवल हाई लिमोसिन में शानदार सीटिंग लेआउट है, जिसमें हाई-रूफ सेटअप देखने को मिलेगा। किआ कार्निवल हाई लिमोसिन 4-सीटर को कम्फर्ट लेवल को देखते हुए डिजाइन किया गया है। यह दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे बाजारों में बिक्री के लिए उपलब्ध है, जहां यह टोयोटा वेलफायर जैसी कारों को टक्कर देती है।

### वाहनों की प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी 2025 तक

### कार्निवल हाई लिमोसिन के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस

कार्निवल हाई लिमोसिन में भी शानदार, पैसेंजर-फोकस्ड इंटीरियर दिया है। वेलफायर की तरह डेक-आउट कार्निवल में सेकेंड रो में दो बड़ी प्रीमियम कैप्टन चेयर दी हैं, जिनमें से प्रत्येक में 3डी रजाईदार डिजाइन के साथ हाई क्वालिटी वाली नप्पा लेदर सतह मिलती है। अधिकांश लिमोसिन सीटों की तरह इनमें एक्सटेंडेड लेग सपोर्ट भी है।




■ सौ से अधिक नई वाहनों के पेशकश किए जाने की उम्मीद

*21.5 इंच का बड़ा टीवी : इन सीटों पर अलग-अलग पिकनिक टेबल और इलेक्ट्रिक एडजस्टमेंट की एक सीरीज है, जिसे टचस्क्रीन रिमोट डिस्प्ले द्वारा कंट्रोल किया जा सकता है। यह डिस्प्ले एसी, केबिन लाइट और पर्दों को भी एडजस्ट कर सकता है। फ्रंट की रो के ठीक पीछे छत पर लगे बड़े 21.5-इंच के एलईडी टीवी के लिए रिमोट का काम करता है।*

### पैसेंजर के लिए फुट मसाजर

इसमें दोनों सीटों के लिए आर्मरेस्ट भी हैं, कंसोल में वायरलेस चार्जिंग पैड और हीटेड/कूल्ड कप होल्डर हैं। इसके अलावा, सेकेंड रो के पैसेंजर को अपने लिए एक फुट मसाजर भी मिलता है। किआ का कहना है कि उसने पैसेंजर को कम्फर्ट का एक्सपीरियंस देने के लिए विशेष रूप से एक हेल्थकेयर कंपनी हू-टेक के सहयोग से इस फुट मसाजर को तैयार किया है।

### कार्निवल हाई लिमोसिन का इंजन

कार्निवल हाई लिमोसिन 4-सीटर 3.5-लीटर स्मार्टस्ट्रीम वी6 पेट्रोल इंजन के साथ आता है, जो 290एचपी और 355एनएम का टॉर्क देता है, जिसे 8-स्पीड ऑटोमैटिक से जोड़ा गया है। इसके अलावा, किआ ने स्टैंडर्ड कार्निवल की तुलना में बेहतर सवारी क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए हाई लिमोसिन वैरिएंट के लिए सस्पेंशन को फिर से ट्यून किया है।

### जूतों के लिए विशेष स्टोरेज

इस लग्जरी एमपीवी में जूतों के लिए विशेष स्टोरेज और दोनों पैसेंजर के लिए ठंडे या गर्म पानी के लिए अलग-अलग कप होल्डर के साथ एक हीटेड या कूल्ड कैबिनेट भी है। कार्गो होल्ड में छत पर लगे हैंगर और फर्श के नीचे स्टोरेज बॉक्स के साथ जगह को अनुकूलित किया गया है। बाहर की तरफ, कार्निवल हाई लिमोसिन में एक्स्ट्रा क्रोम बिट्स, एक अलग एलॉय व्हील डिजाइन दिया है।

## कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए जारी किया परिणाम

# रिलायंस इंडस्ट्रीज का मुनाफा बढ़कर 18,540 करोड़ रुपए, लाभ में सात प्रतिशत का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शानदार तिमाही नतीजे पेश किए हैं। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 18540 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया है।

इससे पिछले साल की तीसरी तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 17265 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट हासिल किया था। इस तरह इसमें साल दर साल आधार पर मुनाफे में 7.4 फीसदी का शानदार उछाल देखने को मिला है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज का कंसोलिडेटेड राजस्व बढ़कर 2.40 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में आरआईएल का राजस्व 2.25 लाख करोड़ रुपए पर रहा था। इस तरह इसमें सालाना आधार पर 6 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है।




■ इससे पिछले साल के तीसरे तिमाही में 17,26 करोड़ का नेट प्रॉफिट हासिल किया था

■ रिलायंस का कंसोलिडेटेड राजस्व बढ़कर 2 .40 लाख करोड़ रुपए

### रिलायंस का एबिटा मार्जिन भी बढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में आरआईएल का एबिटा मार्जिन थोड़ा बढ़कर 18.3 प्रतिशत पर आ गया है और वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में ये 18.1 प्रतिशत पर रहा था। डिजिटल सर्विस सेगमेंट की मजबूत ग्रोथ और ऊंचे रिफाइनिंग मार्जिन के चलते एबिटा मार्जिन में ये इजाफा देखा गया है।

### जियो इंफोकॉम के एबिटा में रही अच्छी ग्रोथ

रिलायंस जियो इंफोकॉम ने वित्त वर्ष 2025-25 की तीसरी तिमाही में एबिटा में अच्छी ग्रोथ दिखाई है और ये 15,478 करोड़ रुपए पर रहा है। इससे पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का एबिटा 14,064 करोड़ रुपए पर रहा था। कंपनी के एबिटा मार्जिन में भी अच्छी ग्रोथ देखी गई है और ये 52.8 फीसदी पर आ गया है जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 52.3 फीसदी पर रहा था।

### कैमिकल बिजनेस ने हासिल की अच्छी ग्रोथ

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने इन नतीजों पर कहा कि कंपनी का ओ2सी (ऑयल टू कैमिकल) बिजनेस काफी अच्छी ग्रोथ हासिल कर रहा है और जामनगर रिफाइनरी के 25 साल पूरे हो चुके हैं। कंपनी के रिफाइनिंग मार्जिन भी लगातार तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और कंपनी अपने विकास के रास्ते पर तेजी से लगातार आगे बढ़ रही है। रिलायंस जियो इंफोकॉम के नतीजों से भी टेलीकॉम बिजनेस में कंपनी की शानदार ग्रोथ का सबूत मिल रहा है। रिलायंस रिटेल को लेकर भी नतीजों के आधार पर खासा उत्साह मिल रहा है। रिलायंस समूह लगातार अपनी कंपनियों के जरिए देश की ग्रोथ में योगदान देता रहेगा।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 319 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका में उपभोक्ता मुद्रास्फीति के अपेक्षा से कम रहने के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई तेजी से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे सत्र में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 318.74 अंक की बढ़त के साथ 77,042.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 595.42 अंक तक चढ़कर 77,319.50 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 98.60 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह में निरंतर कमी, रुपये में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव बना हुआ है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "स्थानीय बाजार में सकारात्मक कारोबार जारी रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**

O/o Chief Engineer (HR), Chhattisgarh State Power Transmission Company Limited (A GOVT OF C.G. UNDERTAKING) CIN No. U40108CT2003SGC015820

No. 01-01/T-Veh/2024-25/TS-197/190 Raipur, Dated: 09.01.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

| Tender Specification No. | Description | Tender Fee | EMD | Last Date & Time of Sale of Tender form from the office | Due Date & Time for submission of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 01-01/T-Veh /2024-25/ TS-197 | Deployment of 1 No. Category-III vehicle (Ex-Showroom price upto 6 Lacs) with Driver on monthly hiring basis for a period of Three (3) Years. | Rs. 2000/- (Inclusive of GST @18%) | Rs. 13,200/- | 04.02.2025 up to 17.00 hrs | 05.02.2025 up to 15:00 Hrs. |

*please see company website cspc.co.in - CSPTCL - Tender notices for any further details e.g. due date extension etc and the detailed tender document will be available on web portal i.e. https://cspc.co.in/cspc/csptcl
* Tender document can also be downloaded from above official website of the company.
**Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.
*** Helpline Details- In case of any problem please contact:-
Tel. no.- 0771-2574114 between Bussiness Hours- 10:00 – 17:30 hrs. IST.

SAVE ELECTRICITY

CHIEF ENGINEER (HR)
CSPTCL, RAIPUR



**विकास आयुक्त कार्यालय विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लाक छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर**

फोन : 0771-2960220 पिन कोड - 492002 E-Mail ID% establishment.vak@gmail.com

क्रमांक 297/वि-2/स्था / 2024 **// सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन //** नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 16/01/2025

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पत्र क्रमांक एफ 1-07/2024/22- 1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 15.03.2024 द्वारा वित्त विभाग के जावक क्रमांक 203/सी.एन22-0061 / बजट - 2 / वित्त / चार 2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के 200 पदों की पूर्ति की सहमति के आधार पर सहायक विकास विस्तार अधिकारी की नियुक्ति के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है ।

**रिक्त पद एवं विभागीय नियम** **पद का नाम - सहायक विकास विस्तार अधिकारी (ADEO)**
**वेतनमान - लेवल– 6, ग्रेड वेतन 2400 छ.ग. शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ते एवं अन्य भत्ते देय होंगे।**
**संभावित कुल रिक्तियों की संख्या - 200 (रिक्त 193 एवं बैकलॉग अजजा - 2, बैकलॉग दिव्यांगजन – 5 ( दृष्टिबाधित) कुल 200 )**

**1. श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :-**

| क्र | पदनाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ भू.पू.सैनिको के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों से छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | सहायक विकास विस्तार अधिकारी | 193 | 81 | 23 | 62 | 27 | 24 | 6 | 18 | 8 | 8 | 2 | 6 | 2 | 14 (OA,OL-5, HH-5,LV-4) |
| | बैकलॉग | 7 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 5-LV |

**टीप**:- 1. विज्ञापित पदों की विस्तृत विज्ञापन, ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा की तिथि निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक अर्हताएं आयु सीमा, निर्देश परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, समय एवं केन्द्र, तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की जानकारी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी । 2. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय हैं, संख्या विभाग की आवश्यकता के अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। पदों की संख्या कम / अधिक करने के लिए नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी "विकास आयुक्त" का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 3. ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ तिथि एवं लिखित परीक्षा की तिथि छ.ग. व्यापम द्वारा पृथक से जारी की जावेगी। 4. विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली नियुक्तियां / चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668 / 2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।

(व्ही.पी. तिर्की)
अपर विकास आयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर

G-242505416/2


## भारत डायनेमिक्स को मिला मिसाइल आपूर्ति का ठेका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 2,960 करोड़ रुपये की लागत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एमआरएसएएम) की खरीद के लिए सरकारी कंपनी भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ समझौता किया है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने बयान में कहा, '' एमआरएसएएम प्रणाली, एक मानक प्रणाली है जो अनेक भारतीय नौसेना जहाजों पर लगाई जाती है। इसे भविष्य में खरीदे जाने वाले अधिकतर जहाजों पर लगाने की भी योजना है। इसमें कहा गया, यह समझौता भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के लिए जारी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## खराब सड़क के निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क ठेकेदारों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा, 'दोषपूर्ण सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बनाया जाना चाहिए और सड़क ठेकेदारों, रियायतियों और इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और जेल भेजा जाना चाहिए।'



### 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को घटाकर आधा करने का है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में देश में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 1,72,000 लोगों की मौत हुई।

बिजनेस साइट

## ऑटो एक्सपो 2025 में रिकॉर्ड बिक्री और नई लांचिंग




**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा आयोजित 'ऑटो एक्सपो 2025' का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट की घोषणा करते हुए उम्मीद जताई कि इस साल 20,000 वाहनों की बिक्री होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि और फसल की अच्छी पैदावार के कारण वाहन बिक्री में बढ़ोतरी होगी। ऑटो एक्सपो ने पहले ही दिन 1,000 वाहनों की डिलीवरी कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने फोर व्हीलर खरीदी करने वाले ग्राहक को चाबी सौंपी। राडा ने रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री को 5 लाख रुपए का चेक भी डोनेट किया। इसके अलावा होंडा और ऑडी ने अपने नए मॉडल्स, एसपी 125 सीसी मोटरसाइकिल और ऑडी क्यू 755 टीएफएसआई कार को लांच किया। इस वर्ष एक्सपो में व्हीकल्स की बिक्री में 18 प्रतिशत का वृद्धि हुई है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, जो नवाचार और प्रगति के रास्ते पर लगातार बढ़ रहा है।

## सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला आज से

**रायपुर।** सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के द्वारा 'हर्षित गोल्ड सिटी' में प्लॉट मेला 17 से 19 जनवरी तक विधानसभा रोड, नरदहा में आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय आयोजन निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक अच्छा अवसर प्रस्तुत करता है। इस मेले में हर्षित गोल्ड सिटी के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त किया जा सकता है, जो एक लग्जरी टाउनशिप में अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं। हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का एक प्रमुख प्रोजेक्ट है, जो रेरा पंजीकृत है। यहां के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और कीमत 8.99 लाख से शुरू होती है। इस परियोजना में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें खेल मैदान, मंदिर, क्लब, रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, आउटडोर और इंडोर जिम, लैंडस्केप गार्डन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हर्षित गोल्ड सिटी का स्थान भी अत्यधिक सुविधाजनक है, क्योंकि यह प्रमुख स्कूलों जैसे एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, डीपीएस, कोलंबिया कॉलेज, अस्पतालों और अंबुजा मॉल के पास स्थित है।



■ तीन दिवसीय प्लॉट मेला में निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए खास अवसर


HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# बीसीसीआई के 10 सख्त निर्देश : घरेलू क्रिकेट अनिवार्य, परिवार के दौरे पर रहने पर पाबंदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में 'अनुशासन और एकजुटता' को बढ़ावा देने के लिए 10 सूत्री नीति जारी की। इसमें घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य, दौरे पर परिवार और निजी स्टाफ की मौजूदगी पर पाबंदी और श्रृंखला के दौरान व्यक्तिगत विज्ञापन पर प्रतिबंध जैसे कई उपाय शामिल हैं। इस नीति का पालन नहीं करने पर खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जाएगा जिसमें केंद्रीय अनुबंधों से उनकी रिटेनर फीस में कटौती और लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लेने पर रोक शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इन निर्देशों की घोषणा की गई है जिसके पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वाइटवाश का सामना करना पड़ा था।

### 1. घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी

भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में जरूर खेलना होगा। इसी के आधार पर भारतीय टीम में प्लेयर का सेलेक्शन भी होगा। दरअसल, बीसीसीआई चाहता है कि इस मुहिम से सीनियर और जूनियर प्लेयर्स के बीच अच्छा रिश्ता बने, जिससे टीम और क्रिकेट का माहौल अच्छा हो।

### 2. फैमिली के साथ यात्रा नहीं कर सकेंगे

यह भी सख्त नियम बनाया है कि हर एक खिलाड़ी को टीम के साथ ही यात्रा करनी होगी। यानी प्लेयर्स अपने परिवार के साथ ट्रैवल नहीं कर सकेंगे। इस नियम का उल्लंघन होने पर सख्त सजा भी मिलेगी। यदि उन्हें फैमिली के साथ या अलग से यात्रा करनी है तो हेड कोच और चेयरमैन ऑफ सेलेक्शन कमेटी से अनुमति लेनी होगी।



### 3. ज्यादा सामान नहीं ले जा सकेंगे

यात्रा के दौरान कोई भी खिलाड़ी ज्यादा सामान नहीं ले जा सकेगा। अगर आपके सामान का वजन ज्यादा हुआ तो आपको इसके लिए खुद ही पैसों का भुगतान करना होगा। बीसीसीआई ने वजन और सामान की भी अलग से गाइडलाइन्स जारी की हैं।

### 4. बेंगलुरु में अलग से सामान भेजना

हर एक खिलाड़ी को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु में सामान या व्यक्तिगत वस्तु भेजने के लिए टीम मैनेजमेंट से सम्पर्क करना होगा। यदि अलग-अलग तरीके से कोई वस्तु भेजी जाती है, तब आने वाली एक्स्ट्रा लागत खिलाड़ी को वहन करनी होगी।

### 5. निजी स्टाफ पर प्रतिबंध

निजी स्टाफ (जैसे- पर्सनल मैनेजर, शेफ, असिस्टेंट्स और सिक्योरिटी) पर किसी दौरे या सीरीज में प्रतिबंध रहेगा। जब तक कि इसके लिए बीसीसीआई से परमिशन ना ली जाए।

### 6. प्रैक्टिस सेशन जरूरी

बीसीसीआई ने यह भी सख्त नियम बनाया है कि अब हर एक खिलाड़ी को प्रैक्टिस सेशन के दौरान मौजूद रहना ही होगा। कोई भी खिलाड़ी प्रैक्टिस सेशन को जल्दी छोड़कर नहीं जा सकेगा। सीरीज या टूर्नामेंट के दौरान एक वेन्यू से दूसरे वेन्यू पर टीम के साथ ही जाना होगा।

### 7. विज्ञापन पर पाबंधी

खिलाड़ियों को अब सीरीज और अलग-अलग दौरे पर पर्सनल शूट की इजाजत नहीं होगी। इस दौरान कोई भी खिलाड़ी विज्ञापन नहीं कर पाएगा।

### 8. दो सप्ताह फैमिली का साथ

विदेशी दौरे पर अगर कोई खिलाड़ी 45 दिनों तक रहता है तो उनकी पत्नी और 18 साल से छोटी उम्र का बच्चा एक सीरीज में दो हफ्ते के लिए उनके साथ रह सकते हैं। इस दौरान बीसीसीआई ही उनके रहने का खर्च उठाएगी, लेकिन बाकी सारा खार्च खिलाड़ी को उठाना होगा।

### 9. ऑफिशियल शूट और फंक्शन अनिवार्य

जब भी बीसीसीआई के ऑफिशियल शूट, प्रमोशन और अन्य किसी तरह प्रोग्राम होते हैं तो उसमें हर खिलाड़ी को हिस्सा लेना होगा। ये फैसला खेल को बढ़ावा और हितधारकों के फायदे के लिए लिया गया है।

### 10. तय तारीख पर लौटेंगे खिलाड़ी

हर खिलाड़ी को दौरे के खत्म होने तक टीम के साथ रहना होगा। सीरीज जल्दी खत्म होने पर भी खिलाड़ी को टीम के साथ रहना होगा। हर एक प्लेयर टीम के साथ ही तय तारीख पर लौटेगा। इस दौरान कोई भी खिलाड़ी जल्दी घर नहीं जा पाएगा।

### आईपीएल से भी बाहर हो सकता है खिलाड़ी

नीति में चेताया गया, 'बीसीसीआई किसी खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिसमें संबंधित खिलाड़ी को आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा आयोजित सभी टूर्नामेंटों में भाग लेने से रोकना और बीसीसीआई के खिलाड़ी अनुबंध के अंतर्गत रिटेनर राशि या मैच फीस से कटौती करना शामिल हो सकता है।'

---

आस्ट्रेलियाई ओपन : पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन की आसान जीत

# स्वियाटेक से होगा राडूकानू का सामना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियाटेक ने आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हरा दिया। अब उनका सामना 2021 अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू से होगा जिन्होंने अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं अमेरिकी ओपन 2024 सेमीफाइनल खेलने वाली एम्मा नावारो ने चीन की वांग शियू को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। अब नवारो का सामना तीन बार ग्रैंडस्लैम उपविजेता रही ओंस जबाउर से होगा जिन्होंने दमे की परेशानी के बावजूद कैमिला ओसोरियो को 7-5, 6-3 से हराया। नौवीं रैंकिंग वाली डारिया कसात्किना ने वांग याफान को 6-2, 6-0 से हराया जबकि 24वीं रैंकिंग वाली यूलिया पुतिनत्सेवा ने झांग शुआइ को 6-2, 6-1 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने अमेरिकी क्वालीफायर इवा जोविच को 6-0, 6-3 से हराया।



### तीन सेट में जीते फ्रिट्ज



पुरुष वर्ग में अमेरिकी ओपन 2024 उपविजेता टेलर फ्रिट्ज ने क्रिस्टियन गारिन को 6-2, 6-1, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना 38 वर्ष के फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर, 16वीं रैंकिंग वाले इटली के लोरेंजो मुसेट्टी, 19वीं रैंकिंग वाले कारेन खाचानोव और 21वीं रैंकिंग वाले बेन शेल्टन भी तीसरे दौर में पहुंच गए।



### बालाजी की जोड़ी की आसान जीत

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला की जोड़ी रॉबिन हासे और अलेक्जेंडर नेदोवयेसोव पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गई। बालाजी और मिगुल ने डच खिलाड़ी हासे और कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को 6-4, 6-3 से हराया। इस बीच रित्विक बोल्लीपल्ली आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल से बाहर होने वाले तीसरे भारतीय बने। इससे पहले रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी भी बाहर हो चुके हैं। बोल्लीपल्ली और अमेरिका के रियान सैगरमैन को छठी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन ने 7-6, 6-1 से मात दी।

## विदर्भ-कर्नाटक के बीच खिताबी मुकाबला कल

**वड़ोदरा।** ध्रुव शोरे और यश राठौड़ के शतक के अलावा फॉर्म में चल रहे करुण नायर के अर्धशतक से विदर्भ ने गुरुवार को यहां महाराष्ट्र को 69 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ का सामना शनिवार को यहां खिताबी मुकाबले में चार बार के चैंपियन कर्नाटक से होगा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर शौरी के 114 रन, राठौड़ के 116 रन और नायर के नाबाद 88 रन की बदौलत तीन विकेट पर 380 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में महाराष्ट्र की टीम कभी भी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और सात विकेट पर 311 रन ही बना सकी।

## डब्लूपीएल 14 फरवरी से फाइनल 15 मार्च को

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग का तीसरा चरण 14 फरवरी से खेला जाएगा और पहली बार डब्लूपीएल का आयोजन चार शहरों बड़ौदा, बेंगलुरु, मुंबई और लखनऊ में होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को प्रतियोगिता का पूर्ण कार्यक्रम जारी किया। डब्लूपीएल 2025 की शुरुआत बड़ौदा के नवनिर्मित बीसीए स्टेडियम में होगी जहां गुजरात जाइंट्स का मुकाबला मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

## ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल रायपुर को गर्व है कि उसके कक्षा 10 के प्रतिभाशाली छात्र शौर्य ग्रोवर और सौम्या जैन ने इंडियन साइंस एंड इंजीनियरिंग फेयर 2024-25 नेशनल फेयर में स्वर्ण पदक जीतकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 जनवरी को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। इन छात्रों के अभिनव प्रोजेक्ट, जो नेत्रहीनों को शहर में अपना मार्ग खोजने और रोजमर्रा के कार्यों को सहजता से करने में सहायता प्रदान करता है, ने उन्हें जीनियस ओलंपियाड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सुनहरा अवसर दिलाया है।






## सिंधू और किरण ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष एकल में किरण जॉर्ज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उम्मीद बनाए रखी।

सिंधू ने जापान की 46वें नंबर की खिलाड़ी मनामी सुइजू को 21-15, 21-13 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अब पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। पुरुष वर्ग में किरण ने शानदार वापसी करते हुए छह गेम प्वाइंट बचाकर प्री-क्वार्टरफाइनल में एलेक्स लैनियर को 22-20, 21-13 से हराया। किरण अगले दौर में चीन के खिलाड़ी हांग यांग वेंग से भिड़ेंगे। किरण एलेक्स के खिलाफ मैच में 1-6 से पिछड़ रहे थे। लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी की कई सहज गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को वापसी करने का मौका दिया।

## कोटक बने भारत के बल्लेबाजी कोच, अभिषेक नायर पर दबाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया चूंकि आस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन आशातीत नहीं रहा।

52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।' आस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे।

सूत्र ने कहा, 'भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।'




### न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

#### नोटिस

क्रमांक/246/ब-121/2023-24/145 — रायपुर, दिनांक 27 दिसम्बर, 2024

प्रति,

1. श्रीमती सची देवी नामदेव पति प्रताप सिंह।
2. श्री रवि सिंह नामदेव व. प्रताप सिंह।
3. श्रीमती सुनीति सिंह नामदेव (जमानतदार) पति श्री रवि सिंह नामदेव, एचआईजी- 21, मारूति विहार वार्ड क्र. 12, रेल्वे ओव्हर ब्रिज के पास कोटा रायपुर।

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) से-24, अटल नगर नवा रायपुर की ओर से अभिषेक शुक्ला अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 19,90,000.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर, श्रीमती सची देवी नामदेव के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपया 21,82,745.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) रायपुर से 19,90,000.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर मौजा कोटा, प.ह.नं. 107 रायपुर स्थित अविनाश बिल्डर्स द्वारा निर्मित बहुमंजिला ईमारत के प्रथम तल में फ्लैट नं. सी-103 रकबा 698 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27.01.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
मुहर — रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501101600003 मामले की श्रेणी: राजस्व

**विषय: ब-121** — **सन:- 2024-2025**
भिलाई, प.ह.नं. **00004** [(हे0)]
**पक्षकारों का विवरण-** आवेदक पक्षकार- **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक**
अनावेदक पक्षकार- **रोशनी राव, जी. श्रीनिवास राव.**

#### ईश्तहार

न्यायालय **सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी**, जिला दण्डाधिकारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के रा.प्र. क्रमांक **124/ब- 121**/वर्ष **2024-25** ई-कोर्ट रजि.नं. **202406100100007** द्वारा पारित आदेश दिनांक **23.12.2024** के अनुसार अनावेदक **1. श्रीमती रोशनी राव पति श्रीनिवास राव, 2. श्री जी. श्रीनिवास राव पिता स्व. श्री जी रमना मूर्ति, दोनो निवासी-** प्लाट नं. 36, वृन्दावन कॉलोनी, उमदारोड, भिलाई 03, तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग छ. ग. की स्वामित्व की सम्पत्ति मौजा- ग्राम उमदा प.ह.नं. 04 स्थित भूमि खसरा नं. **258/1** रकबा **0.010** हेक्टे. (**109.83** वर्गमीटर/**1182** वर्गफिट भूखण्ड/भवन), जो कि आवेदक संस्था- प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, जी. ई. रोड शाखा, मौर्या टाकीज काम्प्लेक्स भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के पास बंधक है, को सरफेसी एक्ट के तहत् भौतिक कब्जा दिलाये जाने बाबत् मय आदेश पारित किया गया है।

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने किसी अधिकृत अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप में नियत **दिनांक 22.01.2025** के पूर्व इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई भी विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 08/01/2025** को जारी किया जाता है।

सील

**तहसीलदार**
**भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

## हाईकोर्ट में विद्युत वितरण कंपनी के एमडी ने पेश किया शपथ पत्र

**बिलासपुर।** शहर में बिजली खंभों पर लगे हुए केबल से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस मामले को हाईकोर्ट जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रही है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में गुरुवार को विद्युत वितरण कंपनी के एमडी ने शपथ पत्र पेश कर बताया कि प्रदेशभर में खंभों से केबल हटाने का काम शुरू हो गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को निर्धारित की गई है। मुख्य मार्गों पर केबलों का भी जाल नजर आता है। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए लगाए खंभों में केबल और इंटरनेट कंपनी का कब्जा हो गया है। इन खंभों में बिजली तार से कहीं अधिक दूसरे केबल और इंटरनेट के तार लगे हुए हैं जो शहर की सुंदरता को भी खराब कर रहे हैं।

## जेल में बंद कैदियों को संवैधानिक रूप से मिले मौलिक अधिकार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जेल सुधार और अवैध गतिविधियों पर रोक सहित अन्य मामलों को लेकर लगी याचिकाओं में सुनवाई की। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने जेल में बंद कैदियों के लिए सुधारात्मक कार्यों और अप्राकृतिक मौतों के बारे में जवाब तलब किया है। मामले में सरकार का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस मामले में शपथ पत्र पेश किया गया है, जिसमें 2019 से लेकर 2024 तक 5 सालों में जेल में बंद कितने कैदियों की मौत हुई। इसमें अप्राकृतिक मौत का भी जिक्र किया गया है, जिसमें अब तक जेल में रहने के दौरान बीमारी या अन्य कारणों से 62 मौत हुई है।




## प्रताड़ना से त्रस्त आदिवासी किसान ने जहर खाकर दी जान, सूदखोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सूदखोर की प्रताड़ना से त्रस्त होकर आदिवासी किसान ने थाना प्रभारी के नाम सुसाइड नोट लिखकर जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर परिजन के बयान पर आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले सूदखोर को गिरफ्तार कर लिया है।



भरनी निवासी चंद्रभान सिंह बिंझवार ने बताया, उनके बड़े भाई बृजभान सिंह बिंझवार खेती किसानी करते थे। पूर्व में उन्होंने लारी निवासी ज्वाला खाण्डे से कुछ रकम उधार ली थी। उसके एवज में सूदखोर ने उनकी साढ़े तीन एकड़ जमीन की पर्ची रख ली थी। उधार की रकम के लिए सूदखोर ज्वाला खाण्डे आए दिन उनके घर जाकर धमकी चमकी देकर प्रताड़ित कर रहा था, जबकि उनके भाई का कहना था कि उन्होंने उधार की रकम सूदखोर को लौटा दिया है। उसके बाद भी वह रकम के लिए दबाव बना रहा था। 15 जनवरी की सुबह 10 बजे सूदखोर की प्रताड़ना से त्रस्त होकर सकरी थाना प्रभारी के नाम सुसाइड नोट लिखकर उनके बड़े भाई बृजभान सिंह ने पड़ोसी अश्वनी गंधर्व के कोठार में कीटनाशक सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शाम को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है।

### सूदखोर गिरफ्तार

ग्रामीण ने जहर खाकर खुदकुशी की है। उसके पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने सूदखोर की प्रताड़ना से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुसाइड जब्त कर परिजन के बयान पर आत्महत्या करने उकसाने का मामला दर्ज कर सूदखोर को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- **निमितेश सिंह** परिहार सिविल लाइन सीएसपी

## कुत्तों के रोने के हैं वैज्ञानिक कारण

**नई दिल्ली।** कुछ कुत्ते चिंतित और अकेले हो सकते हैं। खासकर जब रात में अकेले छोड़ दिया जाता है। फिर वे ध्यान आकर्षित करने या अपनी परेशानी व्यक्त करने के लिए जोर-जोर से चिल्लाते और रोते हैं। अगर कुत्ता अस्वस्थ है या दर्द में है तो वह भी भौंक सकता है। खासकर अगर बड़े कुत्ते अचानक भौंकना शुरू कर दें, तो उन्हें तुरंत पशु चिकित्सक को दिखाना चाहिए।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com